मंगलवार, 14 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 36 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 05:17 | सूर्यास्त: 17:56 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कवि, लेखक और कलाकार यदि ज्ञान में टुटपुंजिए हों, तो उनकी कृतियों में गंभीरता नहीं आ सकती।



आशा भोसले पंचतत्व में विलीन, गीत फिजा में गूंजते रहेंगे पृष्ठ 7







# बंगाल चुनाव में वोटर लिस्ट से कटे नाम वाले नहीं डाल सकेंगे वोट, सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम अधिकार देने से किया इंकार

## सीजेआई ने कहा-'34 लाख लोगों को वोटिंग का अधिकार देना बिल्कुल मुमकिन नहीं'

**नयी दिल्ली :** बंगाल में मतदाता सूची से नाम कटने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने उन लाखों लोगों को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है, जिनका नाम स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू के दौरान वोटर लिस्ट से हटा दिया गया था। इस फैसले से करीब 34 लाख से ज्यादा लोगों को बड़ा झटका लगा है, जो आगामी चुनाव में मतदान करने की उम्मीद कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट को जानकारी दी गई कि 11 अप्रैल तक राज्य में कुल 34 लाख 35 हजार 174 अपीलें दायर की गई थीं। ये अपीलें उन लोगों की थीं, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए या खारिज कर दिए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से गुहार लगाई थी कि इन लोगों को बिना किसी विकल्प के नहीं छोड़ा जाना चाहिए, खासकर तब जब 23 अप्रैल को मतदान होने वाला है। उनका कहना था कि इतने बड़े स्तर पर मतदाताओं को वोट देने से रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है।



### कोर्ट ने क्यों किया इनकार?

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने साफ कहा कि इस समय इतनी बड़ी संख्या में लोगों को मतदान की अनुमति देना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा किया गया, तो अपीलीय ट्रिब्यूनल के जजों पर अत्यधिक काम का दबाव पड़ेगा, जिससे पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने यह भी बताया कि एक और याचिका दायर की गई है, जिसमें इन अपीलों पर रोक लगाने की मांग की गई है। ऐसे में अदालत कोई ऐसा आदेश नहीं देना चाहती, जिससे स्थिति और जटिल हो जाए।

### याचिकाकर्ता के वकिल ने क्या कहा?

वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कल्याण बंदोपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग कोर्ट से उम्मीद रखते हैं और यह धारणा बन रही है कि सभी मामलों का निपटारा हो चुका है, जबकि ऐसा नहीं है। गौरतलब है कि इसी सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मालदा जिले की घटना पर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। जहां 1 अप्रैल को वोटर लिस्ट से नाम हटने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कई न्यायिक अधिकारियों का घंटों घेराव किया था। इसपर कोर्ट ने एनआईए से यह भी पूछा कि गिरफ्तार लोगों का कोई राजनीतिक संबंध है या नहीं।

### अदालत का स्पष्ट रुख

इन दलीलों पर जवाब देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह मांग व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर अदालत इस तरह की अनुमति देती है, तो इससे वोटिंग प्रक्रिया में गड़बड़ी हो सकती है और कुछ लोगों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाना भी उतना ही जरूरी है जितना कि व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करना।

## न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा जारी रहेगी, एनआईए गिरफ्तार लोगों की पृष्ठभूमि बताए

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे न्यायिक अधिकारियों को प्रदान की गई सुरक्षा राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न होने तक बरकरार रहेगी और उसकी पूर्व अनुमति के बिना इसे वापस नहीं लिया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी जानना चाहा कि क्या मालदा जिले में एक अप्रैल को सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना के संबंध में एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की ''कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि'' है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि ''इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाना होगा''। प्रधान न्यायाधीश ने मतदाता सूची से हटाए गए लोगों की अपील पर निर्णय लेने के लिये 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों के वास्ते समयसीमा तय करने के संबंध में कोई आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

## बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर हलचल तेज, 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण की संभावना

**पटना :** बिहार में नयी सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों की बैठक हुई, जिसमें नई सरकार में पार्टी की भूमिका तथा उपमुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चा की गई। सुबह जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, मंत्री जमा खान और वरिष्ठ नेता बिजेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर करीब एक घंटे तक चली इस बैठक में सरकार गठन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक के बाद बाहर निकले मंत्री जमा खान ने कहा कि बिहार में नई सरकार का गठन होने जा रहा है और 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा सकता है। इधर, पटना के जिलाधिकारी (डीएम) त्यागराजन लोकभवन पहुंचे, जहां वे लगभग 30 मिनट तक रुके। बताया जा रहा है कि उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के संबंध में राज्यपाल को जानकारी दी। इस बीच, 14 अप्रैल का दिन भी अहम माना जा रहा है। इस दिन सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मौजूदा मंत्रिपरिषद की अंतिम बैठक होगी। बैठक के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, जिसके साथ ही वर्तमान सरकार का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

## ईरानी कच्चे तेल की भारत में सात साल बाद वापसी, प्रमुख बंदरगाहों पर पहुंचे टैंकर



**नयी दिल्ली :** ईरानी कच्चा तेल लेकर आए दो बड़े टैंकर भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर पहुंच गए हैं जो लगभग सात वर्ष में ऐसी पहली आपूर्ति है। जहाज-ट्रैकिंग विवरण से यह जानकारी मिली। नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी द्वारा संचालित 'फेलिसिटी' नामक एक बेहद बड़ा कच्चा तेल वाहक जहाज ने रविवार देर रात गुजरात तट के सिक्का के पास लंगर डाला। इसमें करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था। दूसरा टैंकर 'जया' लगभग उसी समय ओडिशा तट के पारादीप के पास पहुंचा। यह भी करीब करीब समान मात्रा में कच्चा तेल लेकर आया है जिसे फरवरी के अंत में खार्ग द्वीप से लादा गया था। यह तेल अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले करने और तेहरान की ओर से जवाबी कार्रवाई किए जाने से पहले लादा गया था। करीब सात वर्ष में भारतीय तटों पर पहुंचने वाली ये ईरानी कच्चे तेल की पहली खेप हैं जो पिछले महीने अमेरिका द्वारा जारी प्रतिबंध छूट के बाद संभव हो सकी हैं। एक महीने की इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी गई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान को कम करना और कीमतों को नियंत्रित करना था। सप्ताहांत में शांति वार्ता विफल होने के बाद हालांकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी की घोषणा की है ताकि तेहरान के तेल निर्यात राजस्व को सीमित किया जा सके। भारतीय तटों पर पहुंची इन खेपों के खरीदारों का औपचारिक खुलासा नहीं किया गया है।

### होर्मुज़ की नाकाबंदी से आपूर्ति की चिंता से कच्चे तेल के वायदा भाव में सात प्रतिशत का उछल

ईरान के साथ विफल वार्ता के बाद अमेरिका द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की घोषणा के बाद मजबूत वैश्विक रुझानों को देखते हुए सोमवार को वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतें लगभग सात प्रतिशत चढ़कर 9,759 रुपये प्रति बैरल हो गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का अप्रैल माह में डिलिवरी वाला अनुबंध 606 रुपये या सात प्रतिशत के उछाल के साथ 9,759 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 8.767 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

## वित्तीय सशक्तीकरण ने परिवार में महिलाओं की स्थिति मजबूत की : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वित्तीय सशक्तीकरण ने महिलाओं को परिवार में अधिक अधिकार दिये हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से हाशिए पर रखा गया था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी कहा कि भले ही वह ''गृहस्थ जीवन'' में न हों, लेकिन इससे बखूबी अवगत हैं। उन्होंने एक महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी इस बात से भलीभांति अवगत हैं कि भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है, और इसलिए उनकी सरकार ने अपने द्वारा लिए गए प्रत्येक निर्णय और योजना में इस पहलू को ध्यान में रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा, पहले पारिवारिक संपत्ति मुख्य रूप से पुरुषों के नाम पर होती थी। घर पुरुष के नाम पर होता था। खेती की जमीन, दुकान, कार पुरुष के नाम पर होती थी। यहां तक कि स्कूटर भी पुरुष के नाम पर होता था और इसे स्वाभाविक माना जाता था। पीएम आवास योजना के तहत, हमने घर की महिलाओं के नाम पर आवास के पंजीकरण को प्राथमिकता देना शुरू किया।

## मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने की याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग को नोटिस

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को उंगली के निशान और आंखों की पुतली के आधार पर पहचान सुनिश्चित करने वाली बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि याचिका में किए गए अनुरोध पर कुछ राज्यों में जारी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विचार नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा, हालांकि, अगले संसदीय चुनाव और/या राज्य विधानसभा चुनावों से पहले इस तरह का उपाय अपनाना उचित है या नहीं, इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। नोटिस जारी करें।

## कोयला तस्करी मामले में ईडी की कार्रवाई, आइपैक के निदेशक विनेश चंदेल गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के निदेशक और सह-संस्थापक विनेश चंदेल को सोमवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंदेल को दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया था। दिल्ली में चंदेल के परिसर के अलावा, बेंगलुरु में आई-पैक के एक अन्य सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह के परिसर और मुंबई में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर के परिसर पर दो अप्रैल को ईडी द्वारा छापा मारा गया था। ईडी ने आठ जनवरी को इस मामले में कार्रवाई करते हुए आई-पैक के कार्यालय और इसके संस्थापक व निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की। मामले में तब विवाद शुरू हो गया था जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गईं। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की नवंबर 2020 की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें पश्चिम बंगाल के आसनसोल और उसके आसपास के कुनुस्तोरिया और काजोरा क्षेत्रों में स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों से संबंधित कई करोड़ रुपये के कोयला चोरी घोटाले का आरोप लगाया गया है।

# बंगाल की जनता बम का जवाब वोट से देगी, सिंडिकेट और माफिया राज खत्म होगा : अमित शाह

## बीरभूम की सभा में टीएमसी पर बरसे गृह मंत्री, बोले- पांच मई को बंगाल में भाजपा की सरकार तय

### ममता दीदी को कहें टाटा-बाय, गुंडों को उल्टा लटका कर सीधा करेंग

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल की जनता इस चुनाव में बम का जवाब बैलेट से और डर का जवाब भरोसे से देगी। बीरभूम जिले के मयूरेश्वर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि पांच मई को राज्य में भाजपा की सरकार बनना तय है। ममता बनर्जी पर सिंडिकेट और माफिया राज चलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही इसे खत्म कर देगी। डबल इंजन की सरकार बंगाल को इस व्यवस्था से मुक्त कराएगी। शाह ने लोगों से अपील की कि ममता को विदाई दें और कटमनी वसूली करने वालों को कड़ी सजा दी जाएगी।



### चार मई के बाद बंगाल में डर नहीं, विकास का माहौल होगा

गृह मंत्री ने कहा कि चार मई के बाद राज्य में भय का वातावरण खत्म होकर विकास का नया दौर शुरू होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने बीरभूम को बम और बारूद का अड्डा बना दिया है। भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के मामले में बीरभूम का उदाहरण दिया जाता है। टीएमसी कार्यकर्ताओं पर भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग चुनाव में हिंसा फैलाना चाहते हैं, वे 23 और 29 अप्रैल को घरों में ही रहें, वरना बाद में कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बूथ लूट और हिंसा का दौर अब खत्म होने वाला है।

### टीएमसी के गुंडों और माफिया पर होगी सख्त कार्रवाई

शाह ने लोगों से बिना डर के मतदान करने की अपील की और कहा कि 23 मई के बाद कोई भी गुंडा उन्हें परेशान नहीं कर पाएगा। भाजपा सरकार बनते ही टीएमसी के गुंडों और माफिया को एक-एक कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव घुसपैठियों को बाहर निकालने का भी है और सवाल किया कि क्या ममता बनर्जी और उनका परिवार यह कर सकता है।

### पूरे देश से घुसपैठियों को बाहर निकालने का संकल्प

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन तक उपलब्ध नहीं कराई। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर बिना बाड़ वाले क्षेत्रों में जमीन देकर सीमा सुरक्षा मजबूत की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि भाजपा न सिर्फ बंगाल बल्कि पूरे देश से घुसपैठियों को बाहर निकालेगी।

### भ्रष्टाचारियों से हर पैसे का हिसाब लिया जाएगा

शाह ने शिक्षक भर्ती, नगर निकाय नियुक्ति, गाय तस्करी, राशन, मनरेगा और पीएम आवास से जुड़े घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि टीएमसी ने हजारों करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार बनने पर हर भ्रष्टाचारी से पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा और जनता का पैसा वापस कराया जाएगा।

### भाजपा सरकार में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पाई।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाएं रात में भी बेखौफ बाहर निकल सकेंगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# केंद्र और 19 राज्यों के खिलाफ अकेले लड़ रही हूं: ममता

## भाजपा पर पैंसे बांटने और प्रशासनिक दखल के आरोप

### 226 से अधिक सीटें जीतने का भरोसा

**सूरी/गलसी (पश्चिम बंगाल) :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि केंद्र सरकार और 19 राज्य उनके खिलाफ एकजुट हो गए हैं और वह अकेले ही आम जनता के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की देश के 19 राज्यों में सरकार है। बीरभूम जिले के सूरी में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि भाजपा दिल्ली से ताकत का उपयोग करके पश्चिम बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस 226 से अधिक सीटें हासिल करेगी। उन्होंने कहा, वे (भाजपा) पैसे बांट रहे हैं... उन्होंने सभी (अधिकारियों और पुलिस) का तबादला दूसरे राज्यों में कर दिया है ताकि कोई उन्हें पकड़ न सके। पश्चिम बंगाल में धन,



मादक पदार्थ, हथियार और मतदाताओं की तस्करी की जा रही है। मतदाताओं को बिहार से ट्रेन और बसों में भरकर मतदान के लिए लाया जा रहा है। बनर्जी ने कहा, कुल 19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं... मैं उनके लिए काफी हूं। मैं आम जनता के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगी क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मैं अकेली हूं। मुझे जनता का आशीर्वाद प्राप्त है।'' टीएमसी प्रमुख ने मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं? यह सवाल उन्होंने मोदी के उस बयान के जवाब में पूछा जिसमें कहा गया है कि वह पश्चिम बंगाल की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार हैं। बनर्जी ने कहा कि वह इस तरह के बयान बार-बार दे चुकी हैं और मोदी का बयान उनके ही बयान की महज नकल है। प्रधानमंत्री ने रविवार को सिलीगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल के 'सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के उम्मीदवार' हैं।

मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, ''अगर मोदी जी कहते हैं कि वे 294 सीटों पर उम्मीदवार हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और कहना चाहिए कि वे पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। उन्हें सभी निर्वाचन क्षेत्रों से वोट मांगने दीजिए।'' बनर्जी ने कहा, ''पहले तय कीजिए कि आप देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं या पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री। आप यहां बाहरी हैं। पहले दिल्ली का मामला संभालिए, फिर पश्चिम बंगाल के बारे में सोचिए।''

## थमी सुरों की आशा

### फिर भी सदा गूंजते रहेंगे हृदयस्पर्शी गीत



हृदयाघात के चलते करोड़ों संगीत प्रेमियों को भले ही आशा भोसले अलविदा कह गई हों लेकिन विविधता लिए सुरीले गीत सदियों तक संगीत प्रेमियों के दिल-दिमाग में गूंजते रहेंगे। 8 सितंबर 1933 को जन्मीं आशा भोसले नब्बे साल तक लगातार गाती रहीं। आशा के सुरीले गीतों ने देश-दुनिया के करोड़ों दिलों को छुआ। उनकी कर्णप्रिय धुनों वाले गीतों में जीवन का एक उल्लास रहा है। तभी नब्बेवें जन्मदिन पर लगातार तीन घंटे संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करके वे नया रिकॉर्ड दर्ज कर गईं। जीवनपर्यंत गाने का संकल्प करने वाली आशा ने हिंदी समेत तमाम भारतीय भाषाओं के गीत गाए। व्यक्तित्व की जीवटता उनके गीतों में भी शिद्दत से मौजूद रही। व्यवहार में मुखरता, गीतों में मस्ती और बेबाक हाजिरजवाबी उनका विशिष्ट गुण था। एक संगीत साधक परिवार में जन्मी आशा ने छोटी उम्र से गाना शुरू किया और अपने गायन में विविधता को लगातार विस्तार दिया। यह विश्वास कर पाना कठिन है कि एक गायिका क्लासिक गीतों से लेकर पॉप,जैज,गजल तथा कव्वाली गाने में भी पारंगत हो सकती है। निस्संदेह, बॉलीवुड व गायकी की दुनिया, उनकी जिंदादिली व गायकी के उल्लासमय अंदाज को सदैव याद रखेगी। अच्छे गीतकार, सधे संगीतकारों के गीत को अपने खास अंदाज से वे बेहतरीन व कालजयी बना देती थीं। इस तरह मोहम्मद रफी, मुकेश व किशोर कुमार के क्रम में आशाजी का जाना भारतीय गीतमाला के एक युग का अवसान भी है। लेकिन इस महान प्लेबैक सिंगर की आवाज सालों-साल तक भारतीय परिदृश्य में गूंजती रहेगी।

आशा के गीतों की विशिष्टता यह भी है कि पीढ़ियों के बदलाव के बीच भी उनकी जवां आवाज हमेशा पसंद की जाती रही। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि हमने उनके चुलबुले गीतों व शोखी के अंदाज को तो देखा, लेकिन उनके जीवन के विकट संघर्ष को नजरअंदाज किया। उन्होंने अपने संगीत की विरासत वाले परिवार में लता मंगेशकर जैसे विराट वट वृक्ष तले अपना विकास किया। सफलता के पहले पायदान पर पहुंचने का उनका सपना प्रतिभा के बावजूद सफल न हो सका। लता के वर्चस्व के चलते कई प्रतिभाएं समय से पहले ही गुमनामी की दुनिया में चली गईं, लेकिन इसके बावजूद आशा ने अपनी एक अलग पहचान बनाये रखी। उसमें उनकी प्रतिभा के साथ जीवटता भी शामिल रही। उन्होंने पिता दीनानाथ मंगेशकर की संगीत विरासत को समृद्ध ही किया। 'चुनरिया' फिल्म से पार्श्व गायन की शुरुआत करने वाली आशा ने फिर मुड़कर नहीं देखा। वे लता के एकछत्र राज्य के बावजूद कई संगीतकारों की पहली पसंद बनी। उन्हें उस दौर के बड़े संगीतकारों व बड़े बैनरों के साथ काम करने के भी अवसर मिले, बावजूद इसके कि मैदान में लता के अलावा कई अन्य प्रतिस्पर्धी मौजूद थे। उनकी निजी जिंदगी का संघर्ष भी साथ-साथ चला। निजी फैसलों ने भी मंगेशकर परिवार में असहज स्थिति पैदा की। इससे उनके कैरियर की गति बाधित हुई। कालांतर 'बूट पॉलिश' व 'परिणीता' के गीतों की सफलता के बाद ओपी नैयर के सान्निध्य में उनके कैरियर को नई दिशा मिली। उनकी कामयाबी से देश परिचित है। उनके जाने से पैदा हुआ शून्य सदैव अखरता रहेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 अप्रैल, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष द्वादशी, 24:09 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 15:51 तक, योग : शुक्ला, 15:26 तक, सूर्योदय: 05:17, सूर्यास्त: 17:56, चन्द्रोदय : 02:58, चन्द्रास्त: 14:54, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 14:44 से 16:18

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। आपके सम्मान और मान में बढ़ोतरी होगी, जिससे मन में गर्व और संतोष महसूस होगा।

**वृष :** आज आप अपने नेतृत्व कौशल और समय प्रबंधन में निखार महसूस करेंगे। अनजान लोगों से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ और खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बढ़ाने से रिश्तों की परेशानियां दूर होंगी।

**कर्क :** आज का दिन मिश्रित अनुभव लेकर आएगा, लेकिन फलदायक साबित होगा। श्रेष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन आपको अपने काम समय पर पूरा करने में मदद करेगा।

**सिंह :** आज का दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। बेवजह विवादों से दूर रहें। नौकरी में कोई खुशखबरी मिलने के योग हैं और जिम्मेदारियों में जूनियर्स से सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल और सुखद रहेगा। आपकी ऊर्जा और अनुभव आपके काम में लाभ देंगे। संतान से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**तुला :** आज आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग मिलेगा और लंबे समय से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका रुका हुआ धन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में समय से काम पूरा करने की कोशिश सफल होगी। छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक और उत्साहवर्धक रहेगा। धर्म-कर्म के कामों में रुचि रहेगी। संतान की परीक्षा या कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**मकर :** आज आपको विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना होगा। सोच-समझकर कदम उठाने से काम पूरे होंगे। पैतृक संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ :** आज जोखिम भरे कामों से दूर रहें। भाग्य आपका पूरा साथ देगा। कारोबार में आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। किसी सहयोगी से अनावश्यक कहासुनी हो सकती है।

**मीन :** आज का दिन सोच-समझकर काम करने का रहेगा। संतान के करियर को लेकर चिंता हो सकती है। बिजनेस में जोखिम से बचें और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें।

# नए साल में नई आशा: एक भारत की भावना



**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**

भारत के उपराष्ट्रपति

मुझे अत्यंत हर्ष है कि मैं भारत और विश्वभर के सभी लोगों को बैसाखी, रोंगाली बिहू, महा बिषुबा पना संक्रांति, पोइला बोइशाख, विषु और तमिल पुथांडु के अवसर पर अपनी पारंपरिक नववर्ष की शुभकामनाएँ देता हूं, जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हैं। ये सभी शुभ अवसर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएं।

चिथिरई का महीना कृषि की तैयारियों का समय होता है। किसान अपनी ज़मीन को उपजाऊ बनाने के लिए उस पर काम करना शुरू कर देते हैं। चूंकि हमारे लोग मानते हैं कि मेहनत से ही प्रगति होती है, इसलिए वे श्रम की शुरुआत का जश्न मनाते हैं। पूरे देश में, हमें इसी तरह के उत्सव देखने को मिलते हैं, जो भारत में एकता और साझा संस्कृति के उदाहरण हैं।

उत्तर भारत में, विशेषकर पंजाब में, लोग बैसाखी को फसल उत्सव के रूप में मनाते हैं। दक्षिण में, केरल में विशु मनाया जाता है, जहां शुभ वस्तुओं (कानी) को देखना एक महत्वपूर्ण रिवाज है। असम में लोग बिहू मनाते हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में पोइला बोइशाख को उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

इसी प्रकार मणिपुर, त्रिपुरा, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में भी लोग इस अवधि को विभिन्न पारंपरिक रूपों में नववर्ष के रूप में मनाते हैं। उत्तराखंड के हरिद्वार में देशभर से श्रद्धालु गंगा में पवित्र स्नान करने के लिए एकत्र होते हैं, जो इस अवसर की पवित्रता को दर्शाता है।

तेलुगु भाषी लोगों ने हाल ही में अपना नववर्ष उगादी के रूप में मनाया, जबकि मराठी और कोंकणी समुदाय अपना नववर्ष गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। हम एक प्राचीन सभ्यता से संबंधित हैं, जिसका प्रमाण हमारे पूर्वजों के वैज्ञानिक ज्ञान से मिलता है। ब्रह्मांड के प्रति उनकी सटीक समझ इन नववर्ष उत्सवों में झलकती है।

इसी प्रकार, तमिल नववर्ष एक अत्यंत विशेष अवसर है, जो हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता का उत्सव मनाता है। यह एक ऐसा पर्व है जो परंपरा, परिवार, आध्यात्मिकता और अनुशासित जीवन शैली को एक साथ जोड़ता है। यह एक नई शुरुआत का संकेत देता है और हमें पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए नई आशा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

आज हम वैश्विक कैलेंडर का पालन करते हैं, लेकिन हमें अपने तमिल कैलेंडर को भी याद रखना चाहिए, जो अपनी विशेषता के कारण केवल दिनों और महीनों को ही नहीं, बल्कि वर्षों को भी नाम देता है। ऐसे कुल 60 वर्ष-नाम होते हैं, और इस वर्ष का नाम पराभव है, जो इस चक्र का 40वां वर्ष है।

'खगोल विज्ञान'शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा से हुई है, जिसका अर्थ है तारों के नियमों का अध्ययन। तमिल में इसे वाणियल कहा जाता है। हजारों वर्ष पहले ही तमिल विद्वानों ने यह समझ लिया था कि पृथ्वी गोल है और उन्होंने खगोलीय पिंडों की गति तथा उनके प्रभाव का अध्ययन किया था।

प्राचीन तमिल साहित्य, जैसे कि पतिरुप्पट्टू, ब्रह्मांड की प्रकृति और गति का वर्णन करता है। श्लोकों में बताया गया है कि संसार पाँच तत्वों से बना है और आकाशीय शक्तियों से शासित है। सिरुपनरुप्पदई जैसी अन्य रचनाएं ग्रहों की गति का उल्लेख करती हैं।

संगम साहित्य में ग्रहों और तारों के संदर्भ मिलते हैं। उदाहरण के लिए, पुराणनुरु में शनि को काला (मैम्मीन) बताया गया है। आकाशीय प्रभावों के अध्ययन की परंपरा कनियान कहलाने वाले विद्वानों से जुड़ी थी। माना जाता है कि कवि कनियान पूंगुंद्रनार ने अपना नाम इसी परंपरा से लिया है। यहां तक कि तोलकाप्पियम जैसे प्राचीन ग्रंथ भी ऐसे विद्वानों को अरीवर कहते हैं। 'अकनानुरु' जैसे साहित्य से पता चलता है कि विवाह जैसे शुभ आयोजन उचित तिथियों और समय का चुनाव करके संपन्न किए जाते थे।यह परंपरा आज भी तमिलनाडु में जारी है। चिथिरई के पहले दिन मंदिरों में पंचांग पढ़ा जाता है और लोग इसे सुनने के लिए एकत्रित होते हैं।

पंचांग में पाँच तत्व होते हैं: वार (दिन), तिथि, करण, नक्षत्र और योग। इनके आधार पर वर्षा, कृषि और वर्ष से जुड़े अन्य पहलुओं के बारे में भविष्यवाणी की जाती है। हमारे पूर्वज समय को मापने के लिए सौर और चंद्र दोनों प्रणालियों का उपयोग करते थे। आज आधुनिक विज्ञान उन्नत उपकरणों से ग्रहण की गणना करता है, लेकिन पहले भी इन घटनाओं का अध्ययन कर उन्हें सटीक रूप से बताया जाता था।

हमारे पूर्वजों से मिला ज्ञान हमारी धरोहर है। हमें इसे सुरक्षित रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहिए। मंदिरों में पंचांग का पाठ सुनना इस परंपरा का सम्मान करने का एक तरीका है। नववर्ष का एक और पहलू यह दिखाता है कि हमारे लोग प्रकृति की समृद्धि का कितना सम्मान करते थे। घरों में फल और फूल जैसी शुभ वस्तुओं को सजाया जाता है और सुबह सबसे पहले उन्हें देखा जाता है।

वसंत ऋतु वह समय है, जब प्रकृति खुद को नया रूप देती है। पेड़-पौधे फिर से हरे-भरे हो जाते हैं और फूल-फल खिलते हैं। प्रकृति के साथ तालमेल में रहने वाले तमिल लोग कणी कणल की परंपरा के जरिए इस समृद्धि को देखकर वर्ष की शुरुआत करते हैं।

इसी तरह, इस दिन बनने वाले पारंपरिक भोजन में सभी स्वाद शामिल होते हैं, यहाँ तक कि कड़वा भी। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सुख और दुख दोनों तरह के अनुभव होते हैं, और हमें उन्हें संतुलन के साथ स्वीकार करना चाहिए।

इन त्योहारों में पूरे देश में और दुनिया के उन हिस्सों में भी, जहां भारतीय समुदाय रहते हैं, एक समानता दिखाई देती है। ये उत्सव हमारी सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता की याद दिलाते हैं, साथ ही देश की एकता को भी दिखाते हैं। ये हमें मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देते हैं।

मैं युवाओं से आग्रह करता हूँ कि वे नए साल को सकारात्मक सोच, विश्वास और समर्पण के साथ मनाएं और अपने पूर्वजों के दिखाए रास्ते पर चलें। आइए हम देश की प्रगति में योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

हमारा भारत हमेशा से अपनी सभ्यता के मूल्यों में एक रहा है और आगे भी एक बना रहेगा। बड़ों के आशीर्वाद से युवा पीढ़ी 'एक भारत' की भावना के साथ आगे बढ़े और 2047 तक 'श्रेष्ठ भारत' और 'विकसित भारत' के निर्माण में सफल हो।

# सामाजिक न्याय एवं समानता के पुरोधा पुरुष थे डॉ. अंबेडकर



**ललित गर्ग**

आधुनिक भारत के निर्माण की जब भी चर्चा होती है, तो डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एक ऐसे विराट स्तंभ के रूप में सामने आता है, जिसने न केवल संविधान की रचना की, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा को समता, न्याय और मानवीय गरिमा के मूल्यों से अनुप्राणित किया। डॉ. अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु-भाषाविद्, धर्म-दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। निश्चित ही वे केवल एक विधिवेत्ता या राजनेता ही नहीं थे, बल्कि एक ऐसे दूरदर्शी चिंतक थे, जिन्होंने भारतीय समाज की गहराई में पैठे जातिगत अन्याय, सामाजिक विषमता और आर्थिक शोषण को समझा और उसके समाधान के लिए ठोस वैचारिक एवं संस्थागत आधार प्रदान किया। आज नया भारत, विकसित भारत और समृद्ध भारत की जो अवधारणा हमारे सामने है, उसकी जड़ें अंबेडकर की सोच, नीतियों और संविधान में निहित हैं।

डॉ. अंबेडकर का जीवन स्वयं में एक संघर्षगाथा है। एक अस्पृश्य माने जाने वाले परिवार में जन्म लेकर उन्होंने जो अपमान, भेदभाव और पीड़ा झेली, वही उनके भीतर परिवर्तन का संकल्प बनकर उभरी। उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और कोलंबिया विश्वविद्यालय तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि प्रतिभा किसी जाति या वर्ग की मोहताज नहीं होती। उनका यह विश्वास कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का सूत्र था। अंबेडकर के चिंतन का मूल आधार सामाजिक न्याय था। उनका स्पष्ट मत था कि जब तक समाज में समता स्थापित नहीं होती, तब तक राजनीतिक स्वतंत्रता अधूरी है। वे मानते थे कि केवल आर्थिक विकास से सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, बल्कि इसके लिए सामाजिक संरचना में आमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक है। इसी दृष्टि से उन्होंने जाति व्यवस्था को भारतीय समाज का सबसे बड़ा शत्रु माना और उसके उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी प्रसिद्ध कृति जाति का विनाश में उन्होंने स्पष्ट किया कि जाति केवल सामाजिक विभाजन नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ एक सुनियोजित अन्याय है।

भारतीय संविधान के निर्माण में अंबेडकर की भूमिका उनकी दूरदर्शिता और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट उदाहरण है। संविधान में उन्होंने समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों को इस प्रकार समाहित किया कि यह दस्तावेज न केवल शासन का आधार बना, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बना। मौलिक अधिकारों, विधि के समक्ष समानता, अस्पृश्यता उन्मूलन (अनुच्छेद 17), आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान उनके उस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जिसमें हर नागरिक को समान अवसर और गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्राप्त हो। डॉ. अंबेडकर का संवैधानिक नैतिकता का सिद्धांत आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। उनका मानना था कि केवल संविधान बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके मूल्यों को समाज और शासन दोनों में आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बनी रहीं, तो राजनीतिक लोकतंत्र भी खतरे में पड़ सकता है। आज जब भारत विविधताओं से भरे समाज के रूप में आगे बढ़ रहा है, तब यह सिद्धांत हमें संतुलन और समन्वय की दिशा दिखाता है।

अंबेडकर केवल सामाजिक सुधारक ही नहीं, बल्कि एक प्रखर आर्थिक चिंतक भी थे। उन्होंने औद्योगीकरण, श्रमिक अधिकारों, जल संसाधन प्रबंधन और वित्तीय विकेंद्रीकरण जैसे विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। भारतीय रिजर्व बैंक की अवधारणा से लेकर श्रम कानूनों के निर्माण तक उनके विचारों का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वे मानते थे कि आर्थिक सशक्तिकरण के बिना सामाजिक न्याय अधूरा है, इसलिए उन्होंने दलितों और वंचितों को केवल सामाजिक सम्मान ही नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर भी प्रेरित किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्व-पूर्ण है। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति के अधिकार, विवाह और तलाक में समानता दिलाने का प्रयास किया। यद्यपि तत्कालीन परिस्थितियों में इस विधेयक को पूर्ण रूप से पारित नहीं किया जा सका, लेकिन उनके प्रयासों ने भारतीय समाज में लैंगिक समानता की नींव रखी। आज भारतीय महिलाएं जो अधिकार और स्वतंत्रता का अनुभव कर रही हैं, उसमें अंबेडकर की दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण यो-गदान है।

धार्मिक दृष्टि से भी अंबेडकर का चिंतन अत्यंत गहन और मानवीय था। उन्होंने धर्म को आस्था का नहीं, बल्कि नैतिकता और सामाजिक व्यवस्था का विषय माना। 1956 में बौद्ध धर्म स्वीकार कर उन्होंने यह संदेश दिया कि धर्म वह होना चाहिए जो मानव को समानता, करुणा और विवेक की ओर ले जाए। उनका यह कदम केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं था, बल्कि सामाजिक क्रांति का प्रतीक था। समकालीन भारत में अंबेडकर की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जब हम डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की बात करते हैं, तो यह आवश्यक है कि इन पहलों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अंबेडकर का समावेशी विकास का दृष्टिकोण हमें यही सिखाता है कि विकास तभी सार्थक है, जब उसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो। आज भी यदि कहीं सामाजिक भेदभाव, आर्थिक असमानता या अवसरों की विषमता दिखाई देती है, तो यह हमें अंबेडकर के अधूरे सपनों की याद दिलाती है।

निश्चित ही डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारधारा हैं। उनका जीवन और कार्य हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन केवल सत्ता से नहीं, बल्कि विचार, शिक्षा और संघर्ष से आता है। आधुनिक भारत की जो मजबूत नींव आज हमें दिखाई देती है, वह अंबेडकर के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील चिंतन का परिणाम है। यदि भारत को वास्तव में विकसित, समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाना है, तो अंबेडकर के आदर्शों को केवल स्मरण करना ही नहीं, बल्कि उन्हें जीवन और नीतियों में उतारना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी। भारत में जाति आधारित असमानता अभी भी कायम है, जबकि दलितों ने आरक्षण के माध्यम से एक राजनीतिक पहचान हासिल कर ली है और अपने स्वयं के राजनीतिक दलों का गठन किया है, किंतु सामाजिक आयामों (स्वास्थ्य और शिक्षा) तथा आर्थिक आयामों का अभी भी अभाव है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और राजनीति के सांप्रदायिकरण का उदय हुआ है।

भारत के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण सर्वांगीण था-इसने हमारे राष्ट्रीय जीवन के हर पहलू को छुआ। कानून में, उन्होंने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक उपचारों का अधिकार मिले; अर्थव्यवस्था में, उन्होंने राज्य-नेतृत्व वाली कल्याणकारी व्यवस्था, भूमि सुधार और अवसरों की समान पहुँच की परिकल्पना की; शिक्षा में, उन्होंने वैज्ञानिक सोच और तर्कपूर्ण चिंतन को बढ़ावा दिया, और प्रसिद्ध रूप से घोषणा की कि मन का विकास ही मानव अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। सामाजिक सुधार में, उन्होंने इस देश में अब तक का सबसे साहसी नागरिक अधिकार आंदोलन चलाया-मतों के लिए नहीं, बल्कि गरिमा के लिए। बाबासाहेब का हर कार्य प्रत्येक भारतीय के लिए था, समाज के अंतिम व्यक्ति के लिये और उनकी सच्ची महानता यहीं निहित हैः एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना जो अपने सबसे कमजोर लोगों के बारे में पहले सोचता है।

अंबेडकर का मानना था कि भेदभाव पर आधारित समाज प्रगति नहीं कर सकता, और अपने देश में समानता सुनिश्चित किए बिना कोई राष्ट्र वैश्विक स्तर पर नेतृत्व नहीं कर सकता। उनकी राजनीतिक और नैतिक दूरदृष्टि तात्कालिकता से कहीं आगे तक फैली हुई थी। उन्होंने ऐसे भारत की कल्पना की थी जो एक दिन केवल अपनी सैन्य शक्ति या अर्थव्यवस्था के बल पर नहीं, बल्कि न्याय और करुणा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बल पर प्रगति करेगा। आज जब भारत वैश्विक मंचों की अध्यक्षता कर रहा है, वैश्विक दक्षिण के लिए आवाज़ उठा रहा है, और स्थिरता, डिजिटल नवाचार और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर नेतृत्व कर रहा है, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि यह क्षण उस व्यक्ति के प्रयासों से संभव हुआ है जिसने 75 वर्ष पहले इसकी कल्पना करने का साहस किया था, जब हमारे पास दूरदृष्टि के अलावा कुछ भी नहीं था।

## विदेश

### आशा भोसले की मृत्यु की खबर प्रसारित करते समय 'भारतीय विषय-वस्तु' चलाने के लिए चैनल को नोटिस

**लाहौर :** पाकिस्तान की मीडिया नियामक संस्था ने सोमवार को एक प्रमुख समाचार चैनल को ''कारण बताओ नोटिस'' जारी किया, क्योंकि उसने महान गायिका आशा भोसले के निधन की खबर प्रसारित करते समय भारतीय विषय-वस्तु चलाई। पाकिस्तान में भारतीय विषय-वस्तु पर प्रतिबंध 2018 से लागू है। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पीईएमआरए) ने जियोन्यूज को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह स्पष्टीकरण मांगा है कि उसने भोसले की मौत की खबर के साथ भारतीय सामग्री क्यों प्रसारित की। यह प्रमुख समाचार चैनल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान का करीबी माना जाता है। भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं।

### अमेरिकी नाकेबंदी के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया के बंदरगाहों को निशाना बनाने की धमकी दी

**काहिरा :** तेहरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और शांति समझौते को स्वीकार करने का दबाव डालने के लिए अमेरिकी नौसेना ने सोमवार से सभी ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकेबंदी करने की घोषणा की। जवाब में ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी बंदरगाहों को निशाना बनाने की धमकी दी। इससे दोनों पक्षों के बीच युद्ध-विराम के विफल होने और लड़ाई फिर से छिड़ने की आशंका बढ़ गई, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल-गैस की कीमतें और बढ़ सकती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच 28 फरवरी को हुए सशर्त युद्ध-विराम समझौते को स्थायी शांति में बदलने के लिए पिछले सप्ताहांत पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा रही। दोनों पक्षों के बीच बातचीत फिर से शुरू होगी या नहीं, इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## वर्ग पहेली नं. 3409

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | 18 | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | ■ | | ■ | 21 | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | 25 | | ■ | 26 | | | |
| | ■ | 27 | | ■ | 28 | | ■ | | ■ |
| 29 | | ■ | 30 | | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें :-* 1) आतंक; रोब, 3) मरणासन्न, 6) गुप्तचर, 8) पदक, 9) मंद पड़ना *(रोग का प्रकोप)*, 11) सूखी घास का टुकड़ा, 13) खाता; अहंकार, 14) चौकी, 15) ज़िम्मेदारी, 17) जानना, 19) उत्पाद, 21) कुछ नहीं, 22) घूँघट, 24) चमकीला, 26) नाश्ता, 27) कृत्रिम जलमार्ग, 28) ग़लती, 29) तुरंत, 30) नवीनता, 31) मौलवी.

*ऊपर से नीचे :-* 1) तत्काल; लगातार, 2) वाद्य, 3) चने की दाल का आटा, 4) ख़्याल, 5) विद्रोह; राजद्रोह, 7) प्रसूता, 10) दुर्गंध, 12) नेत्रांजन, 14) मातामह, 16) *हिंदी* में म्युनिसिपालिटी, 18) आभास होना, 19) प्रचलित; अनुमत, 20) सौदेबाज़ी, 21) बहादुर; पराक्रमी, 22) क्षण, 23) ख़ैरात, 25) बरामदा, 26) ईर्ष्या; दाह, 28) राजा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | र | ■ | अ | द | र | क | ■ | मु | ■ |
| व | ■ | क | च्छा | ■ | वि | ■ | तै | रा | क |
| ना | का | म | ■ | गँ | वा | र | ■ | द | म |
| ग | ■ | ची | नी | ■ | स | हा | रा | ■ | सि |
| री | ता | ■ | र | फ़्ता | र | ■ | जी | व | नी |
| ■ | र | ई | स | ■ | ■ | पा | व | न | ■ |
| ■ | ता | ■ | ■ | फ | फो | ला | ■ | स्प | ■ |
| द | र | मि | या | न | ■ | ■ | अं | ति | म |
| फ़्रा | ■ | त्र | ■ | स | मा | वे | श | ■ | ज़ |

## सुडोकू-पहेली-3367

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 8 | 3 | |
| 9 | | | | 7 | | | 1 | |
| | | | 8 | | | 4 | | |
| | | 5 | | 1 | | 9 | | |
| | | | | | 7 | | | |
| 8 | 6 | | 9 | | | 3 | 5 | |
| | | 1 | | | | | | 5 |
| | | | | | 8 | 1 | | |
| 3 | | | | | 6 | | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3366का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 9 | 1 | | | |
| 4 | | | | 6 | 8 | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | 6 | 2 | | | | | 1 | |
| | 4 | | | | | 9 | 7 | |
| 5 | | 9 | | 4 | | 1 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | 7 | 1 | | | 5 | |

# 'भ्रष्टाचार पर रोक से मिलने वाला पैसा ही कल्याणकारी योजनाओं में लगेगा'

## बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद : : अमित शाह


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बर्दवान में एक विशाल रोड शो में लिया हिस्सा।

**कोलकाता/रानीगंज :** अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान बड़ा दावा करते हुए कहा कि यदि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है, तो भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर जो धन बचाया जाएगा, उसी का उपयोग जनता के कल्याण के लिए किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए घोषित मासिक सहायता योजना को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब दिया।

पश्चिम बर्धमान जिले के रानीगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पार्टी के संकल्प पत्र में महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने का वादा किया गया है। इस पर ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए वित्तीय स्रोत के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर जो धन वसूला जाएगा, वही इन योजनाओं पर खर्च किया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के दौरान सिंडिकेट राज चल रहा है और मवेशी तस्करी, कोयला व बालू खनन, शिक्षक भर्ती, राशन वितरण और नगर निकायों में नियुक्तियों में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। शाह ने कहा कि इन सभी मामलों की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी चुनाव के दोनों चरणों 23 अप्रैल और 29 अप्रैल में ऐसी पुख्ता व्यवस्था होगी कि किसी भी मतदाता को डराने-धमकाने की हिम्मत नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल से जुड़े गुंडे मतदान के दिन घरों में ही रहें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

दिन में बोलपुर और खैरासोल में रैलियों के बाद यह शाह की तीसरी सभा थी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी पश्चिम बर्धमान जिले की सभी सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है और चार मई को मतगणना के बाद राज्य में सरकार बनाएगी।

❑ **'बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद'**

हालिया राजनीतिक विवादों पर टिप्पणी करते हुए शाह ने पूर्व विधायक हुमायूं कबीर को लेकर तृणमूल कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि कबीर को अलग इकाई मानना गलत है और वह सत्तारूढ़ दल से ही जुड़े हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि राज्य में बाबरी मस्जिद जैसी किसी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसके अलावा शाह ने घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर किया जाएगा। उन्होंने यह भी वादा किया कि सीमा सुरक्षा बल को आवश्यक जमीन 45 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, पार्टी के संकल्प पत्र के अनुरूप समान नागरिक संहिता लागू करने की बात भी उन्होंने दोहराई।

# बीरभूम में बोलीं ममता – नामांकन में चार घंटे की जांच पर उठाए सवाल

## केंद्र सरकार और भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के प्रचार के तहत मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बीरभूम के सिउरी में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया को लेकर नया आरोप लगाते हुए कहा कि उनके नामांकन की जांच में चार घंटे तक परेशान किया गया।

ममता ने कहा, मेरे नामांकन के समय चार घंटे स्क्रूटिनी करके मुझे परेशान किया गया। क्या मैं इन्हें छोड़ दूंगी? जनता चाहे छोड़ दे, लेकिन मैं नहीं छोड़ूंगी। उन्होंने समर्थकों से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान के दिन वे उनके सहयोद्धा बनें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए ममता ने चुनौती दी कि यदि वह खुद को राज्य की सभी 294 सीटों का उम्मीदवार बताते हैं, तो उन्हें तय करना चाहिए कि वे देश के प्रधानमंत्री रहेंगे या बंगाल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा पर बाहरी होने का आरोप भी लगाया।

रोजगार के मुद्दे पर ममता ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि दो करोड़ नौकरियों का वादा कहां गया? उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जब भी रिक्त पद भरने की कोशिश करती है, तो मामले अदालत में पहुंचाकर भर्तियों को रोका जाता है।


बांकुड़ा विधानसभा में जनसंपर्क अभियान करती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

भाजपा पर हमला जारी रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या भाजपा नौकरी देगी? सेना और रेलवे में पद खाली हैं, फिर भी वे वादे कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ही रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बुलडोजर' बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ममता ने कहा कि वह बुलडोजर की राजनीति में नहीं, बल्कि प्यार और विकास की राजनीति में विश्वास करती हैं।

भ्रष्टाचार और धन के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि आप दूसरों पर आरोप लगाते हैं, लेकिन अपने नेताओं से पूछिए कि हल्दिया बंदरगाह से कितना पैसा जाता है।

ममता ने मतदाताओं को सावधान करते हुए यह भी कहा कि भाजपा से पैसा न लें, गलतियां न करें। वे खाते में पैसा देने का लालच देकर बाद में एजेंसियों के जरिए कार्रवाई कर सकते हैं।

विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 105 सामाजिक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने डेवचा-पाचामी परियोजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें 32 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और करीब दो लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी वादों में उनकी सरकार धोखा नहीं देती और लक्ष्मी भंडार योजना जैसे वादों को पूरा किया गया है।

सोमवार को ममता बनर्जी के चार कार्यक्रम निर्धारित हैं। सिउरी के बाद वह कांकसा, बांकुड़ा और दुर्गापुर में जनसभाएं और पदयात्रा करेंगी, जहां विभिन्न तृणमूल उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगी।

# ओवैसी ने तृणमूल पर मुर्शिदाबाद के साथ 'सौतेले' व्यवहार का लगाया आरोप



**मुर्शिदाबाद :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर मुर्शिदाबाद जिले के मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। ओवैसी ने दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार विकास के सभी कार्यों को राज्य की राजधानी कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों तक ही सीमित रख रही है। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम नेता ने कहा कि हल्दिया और खड़गपुर जैसी जगहों पर उद्योग और अन्य प्रतिष्ठान विकसित हुए हैं, लेकिन मुर्शिदाबाद में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) क्यों स्थापित नहीं किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते थे। ओवैसी ने कहा, पश्चिम बंगाल में सारा विकास कोलकाता महानगर क्षेत्र या उसके पास की जगहों पर ही होता है। उन्होंने बनर्जी पर मुस्लिम बहुल इस जिले में वोट हासिल करने के लिए भाजपा का डर पैदा करने का भी आरोप लगाया। ओवैसी ने वादा किया कि अगर रघुनाथगंज विधानसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम उम्मीदवार इमरान सोलंकी विजयी होते हैं, तो वह मुर्शिदाबाद में उद्योगों की मांग को लेकर कोलकाता में 'चक्का जाम' करेंगे।

# न्यायिक अधिकारियों का घेराव: एनआईए ने दो कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार किया, पार्टी उम्मीदवार को छोड़ा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों द्वारा न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को कांग्रेस के दो नेताओं को गिरफ्तार किया, जबकि पार्टी के मोथाबाड़ी उम्मीदवार को रातभर पूछताछ के बाद छोड़ दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि दो नेता आसिफ शेख और शहादत हुसैन को गिरफ्तार किया गया। वे कांग्रेस उम्मीदवार सायम चौधरी के सहयोगी हैं।

तीनों से रविवार देर रात तक अलग-अलग पूछताछ की गई।

अधिकारी ने बताया, दोनों नेताओं को फरक्का कस्बे में स्थित एनआईए शिविर में रात भर चली पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया था। कांग्रेस उम्मीदवार सायम चौधरी को आज सुबह पूछताछ के बाद जाने दिया गया।

उन्होंने कहा, सायम चौधरी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और कॉल रिकॉर्ड व संदेशों की जांच की जा रही है।



उन्होंने कहा कि चौधरी से आगे भी पूछताछ की जा सकती है।

एनआईए कार्यालय से लौटने के बाद, चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर आरोप लगाया कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया जा रहा है और दावा किया कि सत्तारूढ़ी तृणमूल कांग्रेस इस प्रयास के पीछे है।

एनआईए अधिकारियों ने रविवार को इससे पहले मोथाबाड़ी में एक अप्रैल की घटना के सिलसिले में चौधरी को अलीनगर इलाके से हिरासत में लिया था। मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों को बीडीओ कार्यालय के अंदर बंद कर दिया गया था।

इसी मामले में, एनआईए ने इससे पहले मोथाबाड़ी के प्रतापपुर गांव से स्थानीय इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) कार्यकर्ता गुलाम रब्बानी को गिरफ्तार किया था। केंद्रीय एजेंसी द्वारा इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी थी।

इससे पहले, अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की पश्चिम बंगाल इकाई ने बागडोगरा हवाई अड्डे से आईएसएफ उम्मीदवार मौलाना शाहजहां अली कादरी और एक प्रमुख आरोपी, एमआईएम नेता मोफक्करुल इस्लाम को गिरफ्तार किया था।

एनआईए ने पिछले सप्ताह पश्चिम बंगाल के मालदा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित कार्य के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों का स्थानीय लोगों द्वारा घेराव किए जाने की जांच के लिए 12 मामले दर्ज किए। यह कदम उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद उठाया गया।

न्यायालय ने छह अप्रैल को एनआईए को मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव से संबंधित मामलों को अपने हाथ में लेने का आदेश दिया था।

# टीएमसी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की रायगंज रैली से पहले हेलीपैड पर तोड़फोड़ की : कांग्रेस

**कोलकाता :** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि पार्टी नेता राहुल गांधी की 14 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में होने वाली रैली के लिए तैयार किया जा रहे हेलीपैड पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। पार्टी ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि कांग्रेस ने खुद यह काम किया है ताकि सत्तारूढ़ पार्टी की छवि खराब की जा सके।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हेलीपैड की मरम्मत युद्ध स्तर पर की जा रही है ताकि मंगलवार को दोपहर 12 बजे स्टेडियम ग्राउंड में गांधी की रैली योजना के अनुसार आयोजित की जा सके।

कांग्रेस नेता और रायगंज से उम्मीदवार मोहित सेनगुप्ता ने आरोप लगाया कि यात्रा को बाधित करने के लिए जानबूझकर ऐसा किया गया।

सेनगुप्ता ने संपर्क करने पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हेलीपैड पर रविवार को तोड़फोड़ की गई। हमारे पास विशिष्ट जानकारी है कि टीएमसी कार्यकर्ता इस मामले में शामिल हैं। यह राहुल गांधी के कार्यक्रम को रोकने की कोशिश है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी ने इस मामले को प्रशासन के सामने उठाया है और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा, हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे घटनाएं दोबारा न हों और पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए।

सेनगुप्ता के समर्थन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे।

टीएमसी ने हालांकि कांग्रेस के आरोपों का खंडन किया।

रायगंज टाउन के टीएमसी अध्यक्ष शिवशंकर राय ने कहा, कांग्रेस ने खुद हेलीपैड को तोड़ा है और अब हमारे कार्यकर्ताओं पर आरोप लगा रही है। यह झूठा आरोप है।

राहुल गांधी मंगलवार को मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में भी चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

## हुमायूं कबीर ने कथित स्टिंग वीडियो की जांच की मांग की

**कोलकाता :** आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर ने सोमवार को उनके खिलाफ सामने आए कथित स्टिंग वीडियो की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने लाने के लिए मामले की जांच जरूरी है। मुर्शिदाबाद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुमायूं कबीर ने कहा कि केंद्र के पास सीबीआइ, एनआइए और ईडी जैसी एजेंसियां हैं, जबकि बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सीआइडी है। सभी तंत्र उनके पास हैं। मेरे खिलाफ जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। मैं इसका सामना करने के लिए तैयार हूं। वहीं, टीएमसी के विधायक अरिंदम गुइन ने हुमायूं कबीर को गद्दार करार देते हुए उन पर भाजपा के साथ मिलकर काम करने और आगामी चुनाव से पहले मुस्लिम वोटों को बांटने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी की ओर से जारी किए गए वीडियो में कथित तौर पर हुमायूं को भाजपा नेताओं से संबंधों की बात करते हुए सुना जा रहा है। साथ ही, कथित तौर पर पैसों के लेन-देन से जुड़ी टिप्पणियां भी सामने आई हैं। हालांकि, हुमायूं कबीर ने वीडियो की पूर्ण सत्यता से साफ इन्कार किया है और कहा कि इसे काट-छांट कर पेश किया गया है। जागरण ने वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की है।

# भाजपा का मतलब है हिरासत, तृणमूल का मतलब है तनाव से मुक्ति : अभिषेक बनर्जी

❑ **कहा, हम क्या खाएंगे, क्या पहनेंगे और कैसे रहेंगे, यह बंगाल के लोग तय करेंगे, बाहरी लोग नहीं**

❑ **हुमायूं कबीर की एजेयूपी को भाजपा की 'बी' टीम बताया**

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां हिरासत और नुकसान को बढ़ावा देती हैं, जबकि उनकी पार्टी सुरक्षा और कल्याण के लिए खड़ी है। बनर्जी ने भाजपा पर मतदाताओं में भय पैदा करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसी कवायद के माध्यम से उन्हें उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने नदिया जिले के करीमपुर और राणाघाट तथा उत्तर 24 परगना जिले के बदुरिया में चुनावी रैलियां कीं। उन्होंने करीमपुर में चुनावी रैली में कहा, लोगों को कतारों में खड़ा किया गया और उनके मतदान के अधिकार छीन लिए गए। इसका जवाब वोटों के माध्यम से ही दिया जाना चाहिए। बनर्जी ने कहा, मतुआ, नामाशुद्र और अन्य पिछड़े वर्ग के मतदाताओं सहित हाशिए पर रहने वाले समुदायों का बड़ा हिस्सा वैध दस्तावेज होने के बावजूद एसआईआर से काफी प्रभावित हुआ है। भाजपा का मतलब है हिरासत, और तृणमूल कांग्रेस का मतलब है कोई तनाव नहीं। उन्होंने दावा किया कि अब कुछ भाजपा समर्थकों को भी उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे भयभीत न हों और उन्हें आश्वासन दिया कि तृणमूल के सत्ता में लौटने के बाद उनके मतदान के अधिकार बहाल कर दिए जाएंगे।



तृणमूल नेता ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर भी निशाना साधते हुए उन्हें बाहरी बताया, जो राज्य की संस्कृति और मूल्यों को समझे बिना चुनाव प्रचार के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा, ''हम क्या खाएंगे, क्या पहनेंगे और कैसे रहेंगे, यह बंगाल के लोग तय करेंगे, बाहरी लोग नहीं।''

राणाघाट में एक रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार ने चुनाव जीतने के बाद मतदाताओं के साथ विश्वासघात किया, और दावा किया कि लोगों को बाद में बांग्लादेशी करार दिया गया।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का मुद्दा उठाते हुए, बनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार से भारत में उनके पासपोर्ट या वीजा के बिना रहने पर सवाल उठाया।

उन्होंने लोगों को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने के खिलाफ भी आगाह किया और आरोप लगाया कि ऐसे फॉर्म भरना खुद को विदेशी घोषित करने के बराबर होगा।

बदुरिया में, बनर्जी ने आरोप लगाया कि बोलपुर में एक बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रवींद्र संगीत (रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित गीत) शब्द का सही उच्चारण भी नहीं कर सके।

उन्होंने कहा, 'वे बांग्ला संस्कृति से प्रेम करने का दावा करते हैं और कहते हैं कि उसे भली-भांति जानते हैं, लेकिन शाह ने रवींद्रनाथ टैगोर के रवींद्र संगीत को रवि शंकर के साथ जोड़कर लाखों टैगोर प्रेमियों और कला प्रेमियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। उनकी ही पार्टी के एक अन्य नेता ने रवींद्रनाथ टैगोर का नाम रवींद्रनाथ सान्याल बोल दिया।'

बनर्जी ने एआईएमआईएम, आईएसएफ और हुमायूं कबीर की एजेयूपी को भाजपा की 'बी' टीम बताया, जो 'तृणमूल के वोटों को बांटने के लिए बनाई गई हैं, लेकिन जोर दिया कि जनता इस 'साजिश' को नाकाम कर देगी।

# संघ कार्यकर्ता के हस्तक्षेप से भाजपा के बागी प्रत्याशी ने लिया नामांकन वापस

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच नदिया जिले की प्रतिष्ठित कृष्णनगर उत्तर सीट पर फंसा 'पेंच' आखिरकार सुलझ गया है। भाजपा के भीतर मचे घमासान और वोटों के बिखराव की आशंकाओं पर विराम लगाते हुए बागी नेता चंचल विश्वास ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इस घटनाक्रम को भाजपा के लिए एक बड़ी संजीवनी माना जा रहा है, क्योंकि चंचल विश्वास के निर्दलीय मैदान में उतरने से पार्टी के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगनी तय मानी जा रही थी। जानकारों का कहना है कि यह सब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मध्यस्थता के बाद ही संभव हो पाया है। कृष्णनगर उत्तर सीट पर भाजपा ने तारकनाथ चटर्जी को अपना उम्मीदवार बनाया है, जिसका चंचल विश्वास और उनके समर्थकों ने कड़ा विरोध किया था। नाराजगी इस कदर बढ़ी कि चंचल ने निर्दलीय पर्चा दाखिल कर दिया था। सोमवार को नामांकन वापसी के अंतिम दिन कृष्णनगर अनुमंडल अधिकारी के कार्यालय पहुंचे चंचल विश्वास ने स्पष्ट किया कि संगठन के हित में उन्होंने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि संघ के कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मेरी सकारात्मक चर्चा हुई। राष्ट्रहित और दलगत मजबूती को सर्वोपरि रखते हुए मैंने अपना नामांकन वापस लेने का निर्णय लिया है। अब चंचल विश्वास न केवल चुनावी दौड़ से बाहर हुए हैं, बल्कि उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मिलकर आधिकारिक उम्मीदवार तारकनाथ चटर्जी के लिए पूरी ताकत से प्रचार करने का संकल्प भी दोहराया है। इस सुलह के बाद भाजपा खेमे में उत्साह है और पार्टी अब एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है।

# टीएमसी उम्मीदवार के चुनाव प्रचार अभियान में विदेशी शामिल हुए, निर्वाचन आयोग कार्रवाई करे : भाजपा

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से अपील की कि वह राणाघाट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार अदिति मुंशी को आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाग लेने से रोके, क्योंकि उनकी रैलियों में विदेशी नागरिकों ने भाग लिया है।

आयोग को दी गई शिकायत में भाजपा ने दावा किया कि नाइजीरियाई नागरिकों को राजरहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र की रैलियों और जनसभाओं में भाग लेते हुए देखा गया।

शिकायत में कहा गया है कि वे टीएमसी के झंडे लहरा रहे थे और उम्मीदवार के समर्थन में नारे लगा रहे थे।

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के नेता शिशिर बजोरिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में यह शिकायत दी।

तृणमूल कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई। भाजपा ने शिकायत के साथ एक वीडियो भी पेश किया है, जिसमें विदेशी नागरिकों को कथित रूप से चुनाव प्रचार गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए देखा गया। 'समाज्ञा' वीडियो की प्रमाणिकता को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं कर सकता।

शिकायत में भाजपा ने संविधान, विदेशी नागरिक अधिनियम और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं का हवाला देते हुए तर्क दिया कि केवल भारतीय नागरिक चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं और विदेशी नागरिकों को इसमें भाग लेने की अनुमति नहीं है।

भाजपा ने निर्वाचन आयोग से भ्रष्ट आचरण के लिए मुंशी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और उन्हें प्रचार से रोकने की अपील की।

हालांकि, राजरहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के एक स्थानीय टीएमसी नेता ने कहा कि वीडियो में जिन नाइजीरियाई नागरिकों को देखा गया, वे एक स्थानीय फुटबॉल क्लब से जुड़े खिलाड़ी थे और शायद अनजाने में रैली में शामिल हो गए थे।

टीएमसी नेता ने कहा कि उन्होंने अभियान में किसी संगठित भागीदारी से इनकार किया।

इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में बांग्लादेशी अभिनेता फिरदौस अहमद पर कार्रवाई की गई थी, जिन्होंने एक व्यापार वीजा पर भारत आने के बाद उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार में भाग लिया था।

# हावड़ा में 29 अप्रैल को मतदान, कड़े सुरक्षा घेरे में होगा दूसरा चरण

**हावड़ा :** हावड़ा जिले में दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक और केंद्रीय बलों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान का भरोसा जताया।

जिलाधिकारी दीपाप्रिया पी ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान को पूरी तरह हिंसामुक्त, निष्पक्ष और दबावमुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य पुलिस के साथ-साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। फिलहाल हावड़ा शहर क्षेत्र में 47 और ग्रामीण इलाकों में 50 कंपनियां केंद्रीय बल सक्रिय हैं, जो लगातार रूट मार्च कर रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों और घाटों पर सघन नाका चेकिंग की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था होगी। इन कैमरों की मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय और चुनाव आयोग स्तर से की जाएगी।




हावड़ा सिटी पुलिस आयुक्त अखिलेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के 2087 बूथों में से करीब 50% बूथ अति संवेदनशील हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए 152 सेक्टर केंद्रीय बल, 48 रिस्पॉन्स टीम, 75 क्विक रिस्पॉन्स टीम, 22 नाका टीम, 16 हेवी रेडियो फ्लाइंग स्क्वॉड, 22 फ्लाइंग स्क्वॉड और 22 एसएसटी टीम तैनात की गई हैं। हालांकि, प्रत्येक बूथ पर केंद्रीय बल और राज्य पुलिस की संख्या संबंधी दिशा-निर्देश अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

केंद्रीय बलों में सीआरपीएफ, बीएसएफ और एसएसबी के जवान शामिल होंगे। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुबिमल पाल के अनुसार, रात में गश्त और चेकिंग अभियान लगातार जारी है। आयुक्त अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में नाका चेकिंग के दौरान लगभग 20 लाख रुपये नकद, 21 आग्नेयास्त्र, 192 किलोग्राम गांजा और भारी मात्रा में शराब जब्त की गई है। इसके अलावा, वारंट जारी अपराधियों की धरपकड़ भी जारी है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदान के दिन किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर आम लोग 1950 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं, जहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल में परिवर्तन तय, इस बार बनेगी भाजपा सरकार : मनोज तिवारी

**कोलकाता :** मशहूर गायक और भाजपा नेता मनोज तिवारी ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनता का समर्थन और उत्साह भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है, उससे सत्ता परिवर्तन के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के बेलगछिया, नैहाटी, नोआपाड़ा और उत्तर हावड़ा में चार चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया है।

पत्रकारों से बातचीत में तिवारी ने कहा कि राज्य में बदलाव की आवश्यकता है और जनता अब इसके लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस अब मुद्दों के बजाय अफवाहों की राजनीति कर रही है। उनके अनुसार, जब किसी दल के पास ठोस मुद्दे नहीं होते, तो वह भ्रम फैलाने का सहारा लेता है।



उत्तर हावड़ा में बीजेपी प्रत्याशी उमेश राय के समर्थन में सांसद मनोज तिवारी का रोड शो, समर्थकों की उमड़ी भारी भीड़

मिथिला क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि खान-पान और पहनावे की स्वतंत्रता हर व्यक्ति का अधिकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ, सबका विकास का सिद्धांत इसी सोच को प्रतिबिंबित करता है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

तिवारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब अफवाहों से गुमराह नहीं होगी और विकास की राजनीति को चुनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में राज्य की जनता भाजपा को सत्ता में लाकर एक नई दिशा देगी। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने राज्य की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है, जिसे सुधारना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए तिवारी ने कहा कि उनकी नीतियों के कारण देश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे जैसे हाईवे और पुलों का निर्माण, गरीबों के लिए योजनाएं और सुरक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

इसके साथ ही उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विधानसभाओं, संसद और नगर निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए और आने वाले समय में यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन इस कानून के समर्थन में है और कौन नहीं।

# दक्षिण बंगाल में बढ़ेगी गर्मी और उमस, 18 अप्रैल तक अलर्ट जारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चैत्र के अंतिम दिनों के साथ ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आने वाले दिनों में दक्षिण बंगाल के बड़े हिस्से में गर्म और उमस भरी स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 14 से 18 अप्रैल के बीच लोगों को गर्मी और उमस को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है।

अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम बिहार से मणिपुर तक एक अक्ष रेखा बनी हुई है, जो समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से गंगा के मैदानों में शुष्क हवाएं प्रवेश कर रही हैं, जिससे तापमान और आर्द्रता दोनों में बढ़ोतरी हो रही है।

मंगलवार से लेकर अगले रविवार तक दक्षिण बंगाल के पश्चिमी जिलों पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा और पश्चिम बर्धमान में गर्म और उमस भरे मौसम की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में भी तापमान में वृद्धि होगी और हवा में नमी अधिक रहने के कारण लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल बारिश से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं जताई गई है।

वहीं, उत्तर बंगाल के जिलों के लिए अभी कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। अगले तीन दिनों में वहां तापमान तीन से चार डिग्री तक बढ़ सकता है, जिसके बाद अगले चार दिनों तक तापमान स्थिर रहने का अनुमान है। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, अलीपुरद्वार, कलिम्पोंग, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर और मालदा जिलों में लगभग हर दिन हल्की से मध्यम बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सुबह 11 बजे से शाम चार बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की हिदायत दी गई है, भले ही प्यास महसूस न हो।

## 'जय श्रीराम' बोलने पर फीस में छूट का ऐलान, कोलकाता के डॉक्टर के पोस्ट पर विवाद

**कोलकाता :** शहर के एक चर्चित चिकित्सक पीके हाजरा के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। डॉक्टर ने अपने पोस्ट में कहा है कि जो मरीज उनके क्लिनिक में आकर 'जय श्रीराम' कहेंगे, उन्हें परामर्श शुल्क में 500 रुपये की छूट दी जाएगी। यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई लोगों ने सवाल उठाया कि एक डॉक्टर किस तरह धार्मिक नारे को इलाज से जोड़ सकते हैं। इस मुद्दे पर चिकित्सा नैतिकता और पेशेवर आचरण को लेकर भी बहस तेज हो गई है। विवाद बढ़ने पर डॉक्टर हाजरा ने अपनी सफाई में कहा कि हर व्यक्ति का अपना राजनीतिक या वैचारिक दृष्टिकोण होता है और उनका पोस्ट उसी का प्रतिबिंब है। उन्होंने अपने बयान में किसी तरह की गलती मानने से इनकार किया है।



पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर बाजार में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा व्यवस्था के तहत बुलेटप्रूफ वाहनों में गश्त करते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान

## शाओमी ने बढ़ाया सर्विस नेटवर्क, 15 नए शहरों में प्रीमियम सेंटर शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी ने देशभर में कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए 15 नए शहरों में प्रीमियम सर्विस सेंटर खोलने की घोषणा की है। इसी क्रम में कंपनी ने कोलकाता में भी नया सेंटर शुरू किया है। यह पहल कंपनी के 100 प्रीमियम सर्विस सेंटर खोलने के लक्ष्य के दूसरे चरण का हिस्सा है। कंपनी के अनुसार, 2025 में शुरू हुए 10 सेंटरों को मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद 2026 में विस्तार तेज किया गया है। नए सेंटर ग्राहकों को तेज सर्विस, तकनीकी विशेषज्ञता और बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे। यहां 24 घंटे के भीतर मरम्मत, एडवांस डायग्नोस्टिक्स और स्टैंडबाय हैंडसेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शाओमी इंडिया के सीओओ सुधीन माथुर ने कहा कि कंपनी ग्राहकों को भरोसेमंद और सहज आफ्टर-सेल्स सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। नए सेंटर ग्राहकों को उत्पाद अनुभव, खरीद और सर्विस का एकीकृत प्लेटफॉर्म भी प्रदान करेंगे।

## सीबीआई ने कोलकाता के दो युवकों के अपहरण मामले में फरार आरोपी को सूरत से किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात के सूरत से 11 साल पहले कोलकाता के दो निवासियों के अपहरण में कथित रूप से शामिल एक भगोड़े को सोमवार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी भोला सिंह ने पश्चिम बंगाल में अपहरण की कथित साजिश रची थी और इसके बाद वह गुजरात चला गया था। वहां वह पिछले लगभग 11 वर्षों से 'अमित शर्मा' के नाम से फर्जी पहचान बनाकर रह रहा था।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, इस मामले के अलावा आरोपी भोला सिंह बिहार पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 11 अन्य मामलों में भी वांछित अपराधी है। ये मामले अपहरण, हत्या के प्रयास, हत्या और अवैध हथियार एवं विस्फोटक रखने से संबंधित हैं।

सीबीआई के दलों ने सूरत में भोला सिंह के ठिकाने पर छापा मारा, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

यह मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को उन युवकों की माताओं की याचिका पर सौंपा गया था, जो 14 जुलाई, 2014 को लापता हो गए थे।

एजेंसी ने बताया, आरोपी भोला सिंह 2015 में जांच शुरू होने के समय से ही फरार था। वह सूरत में अमित शर्मा के नाम से फर्जी पहचान पर रहते पाया गया।

# भाजपा का आरोप - तृणमूल फैला रही फर्जी 'आंतरिक सर्वे' की खबरें

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर मीडिया में फर्जी और मनगढ़ंत आंतरिक सर्वे की खबरें प्लांट कराने का आरोप लगाया।

भाजपा ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में स्पष्ट किया कि पार्टी ने ऐसा कोई आंतरिक सर्वे कराया ही नहीं है। पार्टी का कहना है कि चुनाव नजदीक आते ही टीएमसी घबराहट में गलत सूचनाएं फैला रही है।

भाजपा के बयान में कहा गया, भारतीय जनता पार्टी का कोई आंतरिक सर्वे नहीं है। पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से तृणमूल कांग्रेस विचलित हो गई है और असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं।

पार्टी ने यह भी दावा किया कि इस बार का चुनाव सिर्फ राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला नहीं, बल्कि राज्य की जनता और तृणमूल सरकार के बीच सीधी लड़ाई है। बयान में कहा गया, यह चुनाव पश्चिम बंगाल की जनता और तृणमूल के आपराधिक शासन के बीच सीधा मुकाबला है। भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है।

इस मुद्दे को भाजपा के आईटी सेल प्रमुख और पश्चिम बंगाल के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने भी अपने सोशल मीडिया मंच पर साझा किया।

भाजपा के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा कि पिछले कुछ समय से मीडिया में लगातार ऐसे कथित आंतरिक सर्वे का हवाला दिया जा रहा था, जिसके बाद पार्टी को आधिकारिक रूप से इसका खंडन करना पड़ा।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होना है। पहला चरण 23 अप्रैल को होगा, जिसमें 152 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरा चरण 29 अप्रैल को 142 सीटों पर संपन्न होगा। चुनाव परिणाम चार मई को घोषित किए जाएंगे।

# पूर्व रेलवे चलाएगा अनारक्षित ईएमयू स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने बंडेल-अजीमगंज तथा राणाघाट-लालगोला के बीच अनारक्षित ईएमयू स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इसके तहत, 03021 बंडेल-अजीमगंज ईएमयू स्पेशल ट्रेन 14 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर बंडेल से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर अजीमगंज पहुंचेगी। वापसी में, 03022 अजीमगंज-बंडेल विशेष ट्रेन दोपहर 2 बजकर 40 मिनट पर रवाना होकर शाम 7 बजकर 10 मिनट पर बंडेल पहुंचेगी। इसी तरह, 03153 राणाघाट-लालगोला ईएमयू स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन सुबह 7 बजकर 32 मिनट पर राणाघाट से चलकर 10 बजकर 42 मिनट पर लालगोला पहुंचेगी। वहीं, 03154 लालगोला-राणाघाट स्पेशल ट्रेन सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर प्रस्थान कर दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर राणाघाट पहुंचेगी। इसके अलावा, 03155 राणाघाट-लालगोला स्पेशल ट्रेन दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर शाम 6 बजकर 40 मिनट पर लालगोला पहुंचेगी, जबकि 03156 लालगोला-राणाघाट स्पेशल ट्रेन शाम 7 बजकर 10 मिनट पर चलकर रात 10 बजकर 20 मिनट पर राणाघाट पहुंचेगी। ये सभी स्पेशल ट्रेनें 14 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन कुल 17 फेरे लगाएंगी और पूरी तरह अनारक्षित श्रेणी में संचालित होंगी।

## कोलकाता में न्यायिक विज्ञान विवि में छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत... आत्महत्या की आशंका, केरल का रहने वाला था

**कोलकाता :** कोलकाता से सटे साल्टलेक स्थित पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय में एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह छात्र का शव बरामद किया गया। मृतक छात्र की पहचान जुबिन जार्ज के रूप में हुई है, जो केरल का निवासी था। बिधाननगर दक्षिण थाना की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के परिजनों से भी संपर्क कर उन्हें बिधाननगर दक्षिण थाना आने के लिए कहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि छात्र ने आत्महत्या की है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच जारी है। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। मामले में अस्वाभाविक मौत का केस दर्ज कर शव को बिधाननगर महकमा अस्पताल भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस कैंपस के लोगों और छात्रों से पूछताछ कर रही है। मृतक के सहपाठियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## चुनाव से पहले सियासी उठापटक, हुगली में बदलते रहे दल-बदल के समीकरण

**हुगली :** विधानसभा चुनावों से पहले जिले में मौसम की भांति राजनीतिक समीकरण बन और बिगड़ रहा है। एक तरफ अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में कुछ सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा, वहीं शाम होते-होते राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आए। सप्तग्राम सीट से भाजपा उम्मीदवार स्वराज घोष के हाथों भाजपा का झंडा थामकर एक पूरा गांव भाजपा में शामिल हो गया। भाजपा प्रत्याशी स्वराज घोष ने इस दौरान आदिवासी परंपरा के तहत धामसा-मादल बजाकर लोगों के साथ जुड़ाव दिखाया। महानाद ग्राम पंचायत के हालू साई पाटना गांव में उन्होंने आदिवासी समुदाय के साथ दोपहर का भोजन भी किया। इसके अलावा लोगों ने स्वराज घोष के हाथों भाजपा का झंडा थाम लिया। खास बात यह रही कि इस दौरान बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी भाजपा में शामिल हुए। स्वराज घोष ने कहा यह तो बस शुरुआत है, अभी बहुत खेल बाकी है।

## अमेजन पर समर सेल की धूम, खिलौनों से लेकर स्विमिंग पूल और क्रिकेट किट तक आकर्षक ऑफर्स लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने समर हॉलिडे सीजन की शुरुआत शानदार ऑफर्स के साथ की है। कंपनी ने किड्स समर स्लैम और समर टॉयज लिस्ट नाम से दो विशेष स्टोरफ्रंट लॉन्च किए हैं, जहां बच्चों के खिलौनों और आउटडोर प्रोडक्ट्स पर 50% तक की छूट दी जा रही है। इनकी शुरुआती कीमत 199 रुपये रखी गई है। रिमोट कंट्रोल कार, हॉट व्हील्स, स्विमिंग पूल, क्रिकेट किट, साइकिल और स्कूटर जैसे प्रोडक्ट्स पर आकर्षक डील्स उपलब्ध हैं। प्राइम मेंबर्स को चुनिंदा उत्पादों पर सेम-डे डिलीवरी का लाभ भी मिलेगा। ग्राहक अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से 5% तक की बचत और अन्य बैंकों के कार्ड पर 7.5% तक इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म के एआई टूल्स जैसे रुफस, लेंस एआई और प्राइस हिस्ट्री फीचर ग्राहकों को सही प्रोडक्ट चुनने में मदद कर रहे हैं। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है।

## स्वास्थ्य - नेत्र परीक्षण एवम् रक्तदान शिविर




❑ **श्री माथुर वैश्य नवयुवक सेवा समिति का सेवा शिविर**

**कोलकाता :** श्री माथुर वैश्य नवयुवक सेवा समिति के सेवा शिविर में 63 नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सैकड़ों नागरिकों का ब्लड शुगर, ई सी जी, ब्लड ग्रुप, नेत्र परीक्षण डॉक्टरों की टीम ने किया। प्रमुख अतिथि मानव जयसवाल, पूर्व विधायक संजय बक्शी, स्मिता बक्शी, पार्षद महेश शर्मा, राजीव राय, श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद के अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष सुरेश कौशल, सतीश (सीताराम) गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता (कपूरवाले), अनुपमलाल गुप्ता, राधेश्याम, नीरज गुप्ता एवं अतिथियों का स्वागत गोविन्द गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकुमार, अमित गुप्ता, सचिव सुमित गुप्ता, संयोजक विजय, महेश एवं कार्यकर्ताओं ने किया। पवन, शरद, अजय, बंटी, गिरिराज, अनिल, सचिन, राजू, अरविन्द, सन्नी, अमन, सिद्धांत, अरुण एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

# सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया पर 'बैंगल उत्सव 2026' लॉन्च

❑ **ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों को ध्यान में रखते हुए अपने बहुप्रतीक्षित बैंगल उत्सव 2026 की शुरुआत की है। इस खास कलेक्शन में 10,000 से अधिक बैंगल डिजाइनों को पेश किया गया है, जिनकी शुरुआती कीमत 30,000 रुपये रखी गई है, जबकि मेकिंग चार्ज मात्र 6% से शुरू हो रहा है। इस वर्ष के बैंगल उत्सव में आधुनिक और पारंपरिक डिजाइनों का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। कंपनी ने इस सीजन में 500 नए डिजाइनों को विशेष रूप से लॉन्च किया है। इस कलेक्शन में गोल्ड, डायमंड और प्लैटिनम से बने बैंगल, ब्रेसलेट, चार्म्स, चूड़, बाला, पोला और शंखा शामिल हैं, जो हर आयु वर्ग और पसंद के ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

कंपनी की निदेशक एवं मार्केटिंग प्रमुख जोइता सेन ने कहा कि यह कलेक्शन न केवल आभूषणों का संग्रह है, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। वहीं, एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने बताया कि यह कलेक्शन परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ हर बजट के ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहकों के लिए 5 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक आकर्षक ऑफर्स भी पेश किए गए हैं। इनमें सोने के आभूषणों की खरीद पर प्रति 10 ग्राम 10,000 रुपये तक की छूट, पुराने सोने के एक्सचेंज पर शून्य कटौती, डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75% तक की छूट और डायमंड वैल्यू पर 20% तक की छूट शामिल है। इसके अलावा, प्लैटिनम ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 15% तक की छूट भी दी जा रही है।




सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन व भूमि पेडनेकर ने चूड़ी उत्सव 2026 का शुभारंभ किया

इसके साथ ही, ग्राहकों को 20,000 रुपये की खरीद पर कूपन का लाभ मिलेगा, जबकि 50,000 रुपये या उससे अधिक की खरीद पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर 7,500 रुपये तक की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

# फ्लैट में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, प्रेमिका समेत दो गिरफ्तार

❑ **मौके से हथियार और कारतूस बरामद, प्रेम प्रसंग और अनबन में हत्या की आशंका।**



**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब नवग्राम इलाके के एक फ्लैट से 37 वर्षीय युवक का गोली लगा शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान अरूप मंडल के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए मृतक की प्रेमिका प्रियंका दास और उसके एक दोस्त राजू को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अरूप फ्लैट में अकेले रहते थे। सोमवार को फ्लैट के भीतर उनका रक्तरंजित शव मिला। तलाशी के दौरान कमरे से दो आग्नेयास्त्र और छह राउंड कारतूस बरामद किए गए हैं। अरूप के सिर पर चोट के निशान भी मिले हैं। मृतक के मामा शंकर नस्कर ने बताया कि उन्हें रविवार आधी रात को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। परिवार का कहना है कि अरूप काम के सिलसिले में यहां रहते थे, लेकिन उनके निजी संबंधों के बारे में घर वालों को अधिक जानकारी नहीं थी।

प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि यह हत्या प्रेम संबंधों में आई कड़वाहट का परिणाम हो सकती है। प्रियंका और अरूप के बीच काफी समय से घनिष्ठता थी। पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि गोली किसने चलाई और हत्या के पीछे का मुख्य उद्देश्य क्या था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## पश्चिम एशिया संकट: भारतीयों की सुरक्षित वापसी में मिशनों की अहम भूमिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईरान-इजरायल तनाव के बीच तेहरान स्थित भारतीय दूतावास फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और निकासी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'ऑपरेशन सिंधु' सहित विभिन्न प्रयासों के तहत हजारों भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानों की कमी के कारण दूतावास ने आर्मेनिया और अजरबैजान के सहयोग से जमीनी मार्गों से निकासी की व्यवस्था की है। अब तक 2200 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जिनमें करीब 1000 छात्र और 650 से अधिक मछुआरे शामिल हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 11 अप्रैल को 312 मछुआरों की सुरक्षित वापसी की जानकारी दी, जबकि इससे पहले 5 अप्रैल को 345 मछुआरों को चेन्नई लाया गया था। विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशन लगातार एडवाइजरी जारी कर नागरिकों को सतर्क रहने और दूतावास से संपर्क बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं। सुरक्षित लौटे लोगों ने इस अनुभव को दूसरी जिंदगी बताया है। सरकार शेष नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयासरत है।

## औद्योगिक क्षेत्रों के लिए थोक एलपीजी आवंटन में विस्तार, मंत्रालय का बड़ा फैसला

**दुर्गापुर :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बदलती आपूर्ति परिस्थितियों के बीच औद्योगिक क्षेत्रों के लिए एलपीजी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु थोक आवंटन बढ़ाने का निर्णय लिया है। मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे पत्र में बताया कि फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, स्टील, पेंट, सेरेमिक, ग्लास समेत प्रमुख उद्योगों को मार्च 2026 से पहले की खपत का 70% एलपीजी आवंटित किया जाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जिन उद्योगों में एलपीजी अनिवार्य है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि अन्य को धीरे-धीरे पीएनजी की ओर स्थानांतरित करने पर जोर रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू कीमतों को स्थिर रखने पर बल दिया है। भारत अपनी 60% एलपीजी जरूरत आयात करता है, लेकिन हालिया तनाव के कारण आयात में कमी आई है, जिससे आपूर्ति प्रबंधन को और मजबूत किया जा रहा है।

# मालदह टाउन-उधना और आसनसोल-साबरमती के बीच चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मालदह टाउन उधना तथा आसनसोल-साबरमती के बीच समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इसके तहत, 09063 उधना-मालदह टाउन स्पेशल 15 व 22 अप्रैल 2026 को उधना से रात 20:15 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 11:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। वापसी में 09064 मालदह टाउन-उधना स्पेशल 17 व 24 अप्रैल को 17:35 बजे चलकर तीसरे दिन 10:00 बजे उधना पहुंचेगी। इसके अलावा, 09013 उधना-मालदह टाउन स्पेशल 17 व 24 अप्रैल को 14:30 बजे उधना से रवाना होकर तीसरे दिन 05:10 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। वापसी में 09014 मालदह टाउन-उधना स्पेशल 19 व 26 अप्रैल को 08:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23:45 बजे उधना पहुंचेगी।

इसी क्रम में 09435 साबरमती-आसनसोल स्पेशल 17 व 24 अप्रैल को साबरमती से 22:55 बजे रवाना होकर तीसरे दिन 13:15 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वहीं, 09436 आसनसोल-साबरमती स्पेशल 19 व 26 अप्रैल को 16:10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 07:15 बजे साबरमती पहुंचेगी। इस सेवा में भी एसी कोच उपलब्ध होंगे। सभी ट्रेनें न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेंगी।

## एलपीजी आपूर्ति पर्याप्त, 95% बुकिंग ऑनलाइन, घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील

**दुर्गापुर :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देशभर में एलपीजी की आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि गैस की उपलब्धता पूरी तरह स्थिर और पर्याप्त है। मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी से बचें और जिम्मेदारी के साथ एलपीजी का उपयोग करें। मंत्रालय के अनुसार, मौजूदा वितरण नेटवर्क मजबूत है और एलपीजी की आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि देश के हर हिस्से में बिना किसी बाधा के गैस सिलेंडर पहुंचता रहे। साथ ही, मंत्रालय ने बताया कि लगभग 95 फीसदी उपभोक्ता अब आईवीआरएस, एसएमएस, व्हॉट्सऐप और मोबाइल ऐप जैसे डिजिटल माध्यमों से एलपीजी बुकिंग कर रहे हैं।

## कविता शब्द के माध्यम से सत्य का साक्षात्कार है': डॉ. ऋषिकेश राय




**कोलकाता, समाज्ञा :** कविता आत्मा की भावुक अभिव्यक्ति और शब्द के माध्यम से सत्य का साक्षात्कार है। इसके द्वारा कवि मनीषी शिवत्व की कामना करता है। यह विचार प्रख्यात साहित्यकार डॉ. ऋषिकेश राय ने व्यक्त किए। वे भारतीय भाषा परिषद के तत्वावधान में आयोजित 'काव्य लहरी सीजन-3' की दूसरी लहर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कविता मनुष्यता का बोध कराती है और संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में अरुण मल्लावत, रामाकांत सिन्हा, अशोक शर्मा, वी.के. पांडे, विनय कुमार शर्मा, विनोदानंद, हिमाद्री मिश्रा, शिव कुमार जायसवाल और लक्ष्मी जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में परिषद की अध्यक्ष डॉ. कुसुम खेमानी, निदेशक डॉ. शंभुनाथ, वित्त सचिव घनश्याम सुगला और कार्यकारिणी सदस्य आशीष झुनझुनवाला का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गिरिधर राय ने प्रभावी ढंग से किया। अंत में विमला है ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# डिप्टी चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती आज से तीन दिन के दौरे पर, तैयारियों का लेंगे जायजा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान से पहले चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में डिप्टी चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती आज सोमवार से तीन दिवसीय दौरे पर राज्य पहुंच रहे हैं। उनके साथ आयोग के दो अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे, जो जमीनी स्तर पर जाकर चुनावी तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।



सूत्रों के अनुसार, आयोग का प्रतिनिधिमंडल पहले दिन ही पश्चिम बर्धमान, पूर्व बर्धमान, हुगली, उत्तर 24 परगना और कोलकाता सहित कई जिलों में मतदान की तैयारियों की समीक्षा करेगा। सोमवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद टीम अलीपुरद्वार जाएगी, जहां शाम को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर बैठक प्रस्तावित है।

इसके अलावा, उत्तर बंगाल के लिए आयोग की एक अलग टीम भी सक्रिय रहेगी। यह टीम 14 अप्रैल को अलीपुरद्वार से कूचबिहार जाएगी और जिला प्रशासन के साथ बैठक करेगी। 15 अप्रैल को जलपाईगुड़ी और कालिम्पोंग में कार्यक्रम निर्धारित हैं, जबकि 16 अप्रैल को कालिम्पोंग में मतदाता जागरूकता को लेकर समीक्षा बैठक होगी। 17 अप्रैल को दार्जिलिंग से टीम के दिल्ली लौटने की संभावना है।

गौरतलब है कि चुनाव की घोषणा के बाद से ही राज्य में प्रशासनिक स्तर पर कई बदलाव किए गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी लगातार जिलों का दौरा कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और आम लोगों से संवाद कर भरोसा दिला रहे हैं।

इसी बीच, एसआईआर से जुड़े मामले की सुनवाई सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में होनी है, जिस पर पूरे राज्य की नजरें टिकी हुई हैं। इस मामले में आने वाले फैसले का असर कई मतदाताओं के भविष्य पर पड़ सकता है।

## निर्वाचन आयोग ने ओडिशा कैडर के आईपीएस अधिकारी को बनाया पुलिस पर्यवेक्षक

**कोलकाता :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अहम नियुक्ति की है। आयोग ने ओडिशा कैडर के आईपीएस अधिकारी सर्वणा विवेक एम को राज्य में पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, 2015 बैच के यह अधिकारी दो चरणों में होने वाले चुनाव के दौरान पुलिस से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। यह नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत की गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, सर्वणा विवेक एम चुनाव अवधि के दौरान प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे और आयोग के नियंत्रण, पर्यवेक्षण तथा अनुशासन के अधीन कार्य करेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि उनकी तैनाती कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में होगी। वे समय-समय पर आयोग को अपनी रिपोर्ट और इनपुट उपलब्ध कराते रहेंगे। यह भी स्पष्ट किया गया है कि उनकी ड्यूटी नियुक्ति की तारीख से शुरू होकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को की जाएगी। निर्वाचन आयोग इन चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी और प्रशासनिक सख्ती बरत रहा है।

## मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने जारी किया अलग टोल-फ्री नंबर, शिकायत दर्ज कराना हुआ आसान

**कोलकाता :** भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए एक अलग टोल-फ्री नंबर जारी किया है। इसके साथ ही एक समर्पित ईमेल पता भी शुरू किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या सीधे आयोग तक पहुंचाई जा सके।

आयोग के अनुसार, मतदाता अब कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी समस्या जैसे धमकी, डराने-धमकाने, मारपीट या मतदान प्रक्रिया में बाधा की शिकायत टोल-फ्री नंबर 18003450008 पर कॉल करके या ईमेल wbfreeandfairpollsgmail.com पर भेजकर कर सकते हैं।

हालांकि, आयोग पहले से ही देशभर के लिए 1950 टोल-फ्री नंबर संचालित करता है, लेकिन पश्चिम बंगाल चुनाव के मद्देनजर यह अलग व्यवस्था की गई है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कानून-व्यवस्था से संबंधित शिकायतें मिलने लगी हैं। ऐसे में इस नई सुविधा के माध्यम से मतदाता किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिस पर तुरंत जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आयोग ने दोहराया है कि वह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। चुनाव से पहले राज्य के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती की जा चुकी है और मतदाताओं में भरोसा पैदा करने के लिए लगातार फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं।

इस बीच, जिलाधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और बल समन्वयकों ने संयुक्त रूप से लोगों से अपील की है कि वे बिना किसी भय के मतदान केंद्रों तक पहुंचें और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बूथ कब्जाने, मतदान में बाधा डालने, मतदाताओं को डराने-धमकाने या विरोधी दलों के एजेंटों को परेशान करने की किसी भी कोशिश को सख्ती से कानून के तहत निपटाया जाएगा।

आयोग और प्रशासन का कहना है कि इस बार चुनाव पूरी तरह भयमुक्त, हिंसामुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में संपन्न कराया जाएगा।

## निर्वाचन आयोग की टीमों ने शुरू किया राज्यव्यापी तैयारियों का आकलन

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों की व्यापक समीक्षा शुरू कर दी है। आयोग की एक उच्चस्तरीय टीम, जिसका नेतृत्व उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती कर रहे हैं, सोमवार को तीन दिवसीय दौरे पर राज्य पहुंची।

ज्ञानेश भारती दोपहर करीब 12:30 बजे पश्चिम बर्दवान के अंडाल हवाई अड्डे पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग से बीरभूम के लिए रवाना हुए। बीरभूम में उनका जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में बैठक करने का कार्यक्रम है, जिसमें चुनावी तैयारियों, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान वे पश्चिम बर्दवान, पूर्व बर्दवान, हुगली, उत्तर 24 परगना और कोलकाता के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक भी करेंगे, ताकि जमीनी स्तर पर तैयारियों का आकलन किया जा सके।

शाम को आयोग की यह टीम मुर्शिदाबाद पहुंचेगी, जहां जिला मुख्यालय में एक और समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी और टीम वहीं रात्रि विश्राम करेगी। इसके बाद मंगलवार सुबह टीम नदिया जिले का दौरा करेगी।

इसी के समानांतर, आयोग की एक दूसरी टीम, जिसका नेतृत्व अपूर्व कुमार सिंह कर रहे हैं, उत्तर बंगाल में पांच जिलों का दौरा कर रही है। यह टीम अलीपुरद्वार से अपनी समीक्षा यात्रा की शुरुआत कर चुकी है और राजाभातखावा में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी करेगी। आगामी दिनों में यह टीम जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग का दौरा करेगी। सूत्रों के अनुसार, उत्तर बंगाल की टीम करीब पांच दिनों तक राज्य में रहकर तैयारियों का जायजा लेगी।

निर्वाचन आयोग की दोनों टीमें लगातार बैठकों और क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से चुनावी तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय का व्यापक मूल्यांकन कर रही हैं, ताकि राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

## निर्वाचन आयोग ने फिल्मी गीत से दिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान का संदेश

**कोलकाता :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मतदाताओं को जागरूक करने और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया है। इस बार आयोग ने हिंदी फिल्म के एक लोकप्रिय गीत के जरिए अपना संदेश लोगों तक पहुंचाया है। यह गीत है हम प्यार करने वाले दुनिया से न डरने वाले, जो वर्ष 1990 में रिलीज हुई फिल्म दिल का है। इस फिल्म में आमिर खान, माधुरी दीक्षित, अनुपम खेर और सईद जाफरी मुख्य भूमिकाओं में थे। कोलकाता (दक्षिण) के जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस गीत को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया है। इसके साथ दिए गए संदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिस तरह गीत के पात्र दुनिया से नहीं डरते, उसी तरह आयोग भी स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त चुनाव कराने के अपने संकल्प में किसी आलोचना से नहीं घबराएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने संदेश में असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि जो लोग मतदान प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश करेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। संदेश में व्यंग्यात्मक लहजे में कहा गया कि ऐसे लोगों को जलन और खुजली के लिए पहले से ही मरहम तैयार रखना चाहिए। संदेश में मतदाताओं से अपील की गई है कि वे बिना किसी डर के मतदान करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि डराने-धमकाने वाले, गुंडागर्दी करने वाले और उपद्रवियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई होगी। निर्वाचन आयोग ने अपने संकल्प को दोहराते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा, डराने-धमकाने, लालच देने, फर्जी मतदान, बूथ कब्जा या प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि इस संदेश में किसी राजनीतिक दल का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इशारा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर हो सकता है, जिसका हाल के दिनों में निर्वाचन आयोग के साथ चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर लगातार टकराव रहा है।

## दक्षिण कोलकाता में आयोग की सघन निगरानी: 8.94 करोड़ रुपये जब्त, 400 से अधिक बूथ संवेदनशील

**कोलकाता :** चुनाव प्रक्रिया के बीच दक्षिण कोलकाता में निगरानी एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) दक्षिण कोलकाता की प्रेस वार्ता में सोमवार शाम बताया गया है कि सुबह तक कुल आठ करोड़ 14 लाख रुपये बरामद किए जा चुके थे, जबकि आज अतिरिक्त 80 लाख रुपये और जब्त किए गए। इस तरह कुल जब्ती राशि बढ़कर आठ करोड़ 94 लाख रुपये हो गई है। अधिकारियों के अनुसार दक्षिण कोलकाता में अब तक 4,774 पोस्टल बैलेट दर्ज किए गए हैं। वहीं, ट्रिब्यूनल अपील से जुड़े 2,875 ऑफलाइन मामले भी सामने आए हैं, जिनकी प्रक्रिया जारी है। कानून-व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कोलकाता में अब तक 32 हथियार और 83 गोला-बारूद जब्त किए गए हैं। इसे चुनाव से पहले सुरक्षा व्यवस्था का अहम हिस्सा बताया गया। मतदान व्यवस्थाओं की बात करें तो दक्षिण कोलकाता में कुल 1,093 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 400 से अधिक बूथ को संवेदनशील और अति-संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि दक्षिण कोलकाता में ऊंची इमारतों (हाईराइज) में भी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें आशा कॉर्पोरेट और साउथ सिटी में स्थित बूथ शामिल हैं, जो रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर दक्षिण कोलकाता में 30 कंपनियां केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीएपीएफ) की तैनात की गई हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जा सके।

## चुनाव आयोग ने जोका में बनाया केंद्रीय कानूनी हब

❑ **मतदाता सूची से नाम कटने की अपीलों पर होगा त्वरित निपटारा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने को लेकर दाखिल अपीलों के त्वरित और पारदर्शी निपटारे के लिए कोलकाता के जोका स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर एंड सैनिटेशन (एसपीएम-निवास) में एक केंद्रीय कानूनी हब स्थापित किया है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद उठाया गया है, जिसमें कटे हुए मतदाताओं की शिकायतों के निष्पक्ष समाधान की बात कही गई थी।



आयोग ने यहां 19 नए गठित ट्रिब्यूनलों को एक ही परिसर में समेकित किया है, जिनकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और पूर्व मुख्य न्यायाधीश करेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य पहले की प्रक्रियात्मक देरी और अव्यवस्थित ढांचे को समाप्त कर कार्यवाही को तेज और सुव्यवस्थित बनाना है। पूरे परिसर को हाई-सिक्योरिटी जोन में बदल दिया गया है। गेट नंबर 1 को केवल न्यायाधीशों और अधिकारियों के प्रवेश के लिए आरक्षित किया गया है, जबकि गेट नंबर 2 आम नागरिकों के लिए निर्धारित किया गया है। परिसर में भारी पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

लोक निर्माण विभाग (पीडबल्यूडी) की ओर से वहां प्रतीक्षालय तैयार किया जा रहा है, जिसमें पंखे, पेयजल सुविधा और दस्तावेजों की प्रतिलिपि की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आगामी 80 दिनों तक चलने वाली सुनवाई प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक कार्यवाही 15 अप्रैल (पोइला बोइशाख) के बाद शुरू होने की संभावना है। ट्रिब्यूनलों को अगले 24 से 48 घंटों में पूरी तरह से सक्रिय कर दिए जाने की तैयारी है। फिलहाल मुख्य ध्यान बड़े पैमाने पर आवश्यक प्रशासनिक और लॉजिस्टिक ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित है, ताकि हजारों मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जा सके।

**Name Change**

I Vijay Shaw S/o Ayodhya Ram R/o Dunlop G.T.Road, ITI Collage, Keota (P), PO-Sahaganj, Distt-Hooghly, West-Bengal - 712104, have changed my name to Vijay Shankar Ram

**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-02, दिनांक 10.04.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-02, कार्य का नामः नीचे उल्लेखित टीआरडी कार्यों का निष्पादन : आसनसोल मंडलः जंग लगे/क्षतिग्रस्त ढांचे/ट्रैक बांडों का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्यः रु. 1,42,77,258.65; बयाना राशिः रु. 2,85,500; खुलने की तारीख एवं समयः 18.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। कार्य समापन अवधिः स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने। कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। (ASN-17/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल-शक्तिगढ़ अनुभाग में एसी-डीसी रुपांतरण कार्य के लिए, मगरा लूप सहित खान्यान एवं बैण्डेल स्टेशनों के बीच डाउन एवं रिवर्स लाइनों पर **दिनांक 15.04.2026** एवं **16.04.2026 को 2 घंटे के लिए (03.15 बजे से 05.15 बजे तक)** तथा **दिनांक 17.04.2026** एवं **18.04.2026 को 3 घंटे (03.15 बजे से 06.15 बजे तक) पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं:- **ईएमयू लोकल ट्रेनों का निरस्तीकरणः दिनांक 15 एवं 16.04.2026 कोः बर्द्धमान से :** 37812 एवं 37786. **हावड़ा सेः** 37811. **बैण्डेल सेः** 37781. **दिनांक 17 एवं 18.04.2026: बर्द्धमान से :** 37812, 37786 एवं 37814. **हावड़ा सेः** 37811 एवं 37813. **बैण्डेल सेः** 37781 ● **मार्ग में नियंत्रणः दिनांक 15 एवं 16.04.2026 कोः 13186** जयनगर-सियालदह गंगा सागर एक्सप्रेस 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **दिनांक 17 एवं 18.04.2026 कोः 37816** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल 15 मिनटों के लिए तथा **13186** जयनगर-सियालदह गंगा सागर एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। ● **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेनः दिनांक 15.04.2026 से 18.04.2026 तक : 13154** मालदा टाउन-सियालदह गौड़ एक्सप्रेस। ● **ब्लॉक के बाद पहली ट्रेनः दिनांक 15.04.2026 एवं 16.04.2026 : 37814** बर्द्धमान-हावड़ा लोक (बर्द्धमान से प्रस्थान 04.05 बजे) एवं **दिनांक 17.04.2026 एवं 18.04.2026: 37816** बर्द्धमान-हावड़ा लोकल (बर्द्धमान से प्रस्थान 05.05 बजे)। **विशेष टिप्पणीः** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेनें/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी/नियंत्रित की जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हुगली में कड़े चुनावी इंतजाम, डबल लेयर पहचान से होगी वोटिंग

**हुगली :** आगामी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चुनाव आयोग ने इस बार डबल लेयर पहचान (डबल लेयर आइडेंटिफिकेशन) व्यवस्था लागू की है। इसके तहत मतदान केंद्र में प्रवेश से पहले ही मतदाताओं की पहचान की जांच की जाएगी। बूथ के प्रवेश द्वार पर बीएलओ द्वारा पहचान सत्यापन के बाद ही मतदाता को अंदर जाने की अनुमति मिलेगी। सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में चुनावी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी ने की। इसमें चंदननगर पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार यादव, हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सनी राज तथा केंद्रीय बलों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक के बाद अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक बूथ के अंदर और बाहर वेबकास्टिंग कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की हिंसा या फर्जी मतदान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले भर में नाका चेकिंग तेज कर दी गई है और अवैध हथियार तथा नकदी के लेन-देन पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

जिलाधिकारी के अनुसार, आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 16 करोड़ 37 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की जा चुकी है। वहीं, सिंगूर-चंडीतला क्षेत्र से पिछले एक महीने में 8 करोड़ रुपये की शराब पकड़ी गई है। चंदननगर में लगभग 30 लाख रुपये का गांजा और चूचुड़ा फेरीघाट से 96 हजार रुपये नकद बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 41 नाका चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं और अब तक 1598 रूट मार्च किए जा चुके हैं। वर्तमान में 46 कंपनी केंद्रीय बल तैनात हैं, जबकि मतदान के दिन लगभग 200 कंपनियों की तैनाती की जाएगी।

जिले में कुल 5387 मतदान केंद्र और करीब 43 लाख मतदाता हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मॉडल बूथ बनाया जाएगा, जबकि कई बूथ पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के करीब 30 हजार वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर-घर जाकर मतदान की सुविधा 18 तारीख से शुरू होगी। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि चुनाव आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

## बंपर पैदावार के बाद भी नुकसान, सिंगूर के आलू किसान क्यों परेशान?

❑ **बाजार की पाबंदियों और लागत के दबाव में टूट रहे किसान**

**कोलकाता/हुगली :** हुगली जिले के सिंगूर से दो दशक पहले शुरू हुआ आंदोलन, जिसने ममता बनर्जी को सत्ता तक पहुंचाया, आज फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह राजनीति नहीं, बल्कि आलू किसानों का गहराता संकट है। साल 2006 में वाम मोर्चा सरकार द्वारा टाटा मोटर्स के नैनो प्लांट के लिए उपजाऊ जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता बनर्जी ने आंदोलन छेड़ा था, जिसने राज्य की राजनीति की दिशा बदल दी। अब करीब 20 साल बाद, वही 'आलू बेल्ट' रिकॉर्ड उत्पादन के बावजूद भारी नुकसान झेल रहा है।

इस साल लंबे ठंडे मौसम के कारण आलू उत्पादन 140 लाख टन तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक है और पिछले वर्षों की तुलना में 15-20% ज्यादा है। लेकिन अधिक उत्पादन ने किसानों के लिए संकट खड़ा कर दिया है। हुगली के मेघसर गांव में बड़ी मात्रा में आलू सड़ते नजर आ रहे हैं।

विधानसभा चुनाव से पहले यह मुद्दा राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है। अमित शाह ने राज्य सरकार पर किसानों को बाहरी बाजारों से दूर रखने का आरोप लगाया, जबकि ममता बनर्जी ने इन आरोपों को झूठ बताते हुए कहा कि सरकार मुआवजा, बीमा और कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं बढ़ा रही है। वहीं, शिवराज सिंह चौहान ने भी किसानों को पर्याप्त समर्थन न मिलने की बात कही।

❑ **जमीन पर हकीकत, लागत से कम दाम और बाजार की मार**

जमीनी स्तर पर स्थिति गंभीर है। किसान देबब्रत बेरा के 800 बोरे आलू अब तक नहीं बिक पाए हैं। एक अन्य किसान के अनुसार, एक बीघा में लागत करीब 40 हजार रुपये है, जबकि आमदनी सिर्फ 15 हजार रुपये तक सीमित है। बाजार में 50 किलो की बोरी 80 से 100 रुपये में बिक रही है, जबकि लागत निकालने के लिए कम से कम 450 रुपये जरूरी हैं। पहले बंगाल से ओडिशा, झारखंड, बिहार और असम तक आलू की सप्लाई होती थी, लेकिन कोलकाता में कीमत नियंत्रित करने के लिए अंतरराज्यीय परिवहन पर लगी पाबंदियों ने किसानों के बाजार सीमित कर दिए हैं। इसका फायदा अन्य राज्यों, खासकर उत्तर प्रदेश, को मिला है।

कोल्ड स्टोरेज में भी संकट साफ दिख रहा है। 2.1 लाख टन क्षमता वाले गोदामों में हजारों बोरे 2 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर रखे गए हैं, लेकिन कीमतें सुधरने की उम्मीद कम है। किसान जहां 2-3 रुपये प्रति किलो पा रहे हैं, वहीं शहरों में उपभोक्ता 10 गुना तक कीमत चुका रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि समाधान अतिरिक्त उत्पादन को राज्य से बाहर भेजने और परिवहन सब्सिडी देने में है। ऐसे में, सिंगूर की जमीन अब एक बार फिर नीति और किसानों के भविष्य के सवाल खड़े कर रही है।


आलू किसान देबब्रत बेरा

**पे एंड यूज टायलेट के लिए ई-नीलामी**

पे एंड यूज टायलेट के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। विवरण नीचे दिये गये है। **नीलामी कैटलॉग सं.:** C-AP-PANDU-26-1। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय ( सभी लॉट ):** 22-04-2026 को 11:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि/समयः** 22-04-2026 को 12:00 बजे। **दर इकाईः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **फेरे/दिनः** 1096।

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | पीएनयू-एपीडीजे-एनएमजेड-टीओआई-15-22-1 (पे एंड यूज-टायलेट्स) | न्यू माल जं. के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर पे एंड यूज टायलेट। |
| एए/2 | पीएनयू-एपीडीजे-डीक्यूजी-टीओआई-6-25-1 (पे एंड यूज-टायलेट्स) | धूपगुड़ी के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर पे एंड यूज टायलेट। |
| एए/3 | पीएनयू-एपीडीजे-डीएचएच-टीओआई-11-22-1 (पे एंड यूज-टायलेट्स) | दिनहाटा के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर पे एंड यूज टायलेट। |
| एए/4 | पीएनयू-एपीडीजे-एपीडीजे-टीओआई-2-25-1 (पे एंड यूज-टायलेट्स) | अलीपुरद्वार जं. के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर पे एंड यूज टायलेट। |

उपरोक्त ई-नीलामी पहले ही ई-नीलामी पे एंड यूज टायलेट मॉड्यूल के तहत वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी हैं।

मंडल रेलवे प्रबंधक ( सी ), अलीपुरद्वार जं.

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**बैंडेल-आजिमगंज और रानाघाट-लालगोला खंडों में ईएमयू स्पेशल ट्रेनें**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, एक स्पेशल ईएमयू ट्रेन बैंडेल-आजिमगंज खंड में और दो स्पेशल ईएमयू ट्रेनें रानाघाट-लालगोला खंड में **दिनांक 14.04.2026 (मंगलवार) से 30.04.2026 (बृहस्पतिवार) तक** नीचे दी गई समय-सारिणी के अनुसार चलेंगी:

**03021/03022 बैंडेल-आजिमगंज-बैंडेल ईएमयू स्पेशल ट्रेन**

| 03021 बैंडेल-आजिमगंज | | स्टेशन | 03022 आजिमगंज-बैंडेल | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | | आ. | प्र. |
| – | 10.10 | ↓ बैंडेल | 19.10 | – |
| 11.22 | 11.23 | नवद्वीप धाम | 17.30 | 17.31 |
| 12.30 | 12.35 | कटवा | 16.35 | 16.45 |
| 13.28 | 13.29 | खागड़ाघाट रोड | 15.01 | 15.02 |
| 14.10 | – | आजिमगंज ↑ | – | 14.40 |

**03153/03154 रानाघाट-लालगोला-रानाघाट ईएमयू स्पेशल ट्रेन**

| 03153 रानाघाट-लालगोला | | स्टेशन | 03154 लालगोला-रानाघाट | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | | आ. | प्र. |
| – | 07.32 | ↓ रानाघाट | 15.10 | – |
| 10.42 | – | लालगोला ↑ | – | 11.50 |

**03155/03156 रानाघाट-लालगोला-रानाघाट ईएमयू स्पेशल ट्रेन**

| 03155 रानाघाट-लालगोला | | स्टेशन | 03156 लालगोला-रानाघाट | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | | आ. | प्र. |
| – | 15.30 | ↓ रानाघाट | 22.20 | – |
| 18.40 | – | लालगोला ↑ | – | 19.10 |

ऊपर बताई गई स्पेशल ट्रेनें मार्ग के सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

**यात्रा की तारीखें:** 14.04.2026 से 30.04.2026 तक = 17 ट्रिप (उपर्युक्त सभी ट्रेनें)।

**गठन:** 12 कोचों वाली ईएमयू रेक (उपर्युक्त सभी ट्रेनें)।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**स्पेशल ट्रेन**

**खातीपुरा और हावड़ा एवं मदार जंक्शन और कोलकाता के बीच**

**ग्रीष्म मौसम** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **खातीपुरा और हावड़ा** एवं **मदार जंक्शन और कोलकाता** के बीच स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**09707 / 09708 खातीपुरा-हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल ट्रेन**

| खातीपुरा-हावड़ा | | | (09707) (09708) | हावड़ा-खातीपुरा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बुध | -- | 17.00 | ↓ खातीपुरा | 11.30 | -- | शनि |
| बृहस्पति | 12.20 | 12.25 | गया जंक्शन | 10.35 | 10.40 | शुक्र |
| | 16.00 | 16.05 | धनबाद जंक्शन | 06.00 | 06.05 | |
| | 17.00 | 17.05 | आसनसोल जंक्शन | 04.10 | 04.15 | |
| | 19.43 | 19.45 | बर्द्धमान जंक्शन | 01.50 | 01.52 | |
| | 22.15 | -- | हावड़ा ↑ | -- | 00.15 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में दौसा जंक्शन, बाँदीकुई जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम जंक्शन, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, कोडरमा जंक्शन, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, दुर्गापुर और बैण्डेल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **चलने की तिथियाँ और दिन: खातीपुरा से:** 09707 दिनांक 15.04, 22.04 और 29.04.2026 (बुधवार) को = 03 ट्रिप और **हावड़ा से:** 09708 दिनांक 17.04, 24.04 और 01.05.2026 (शुक्रवार) को = 03 ट्रिप। ● **गठन:** एसी प्रथम श्रेणी: 01, एसी 2-टियर: 02, एसी 3-टियर: 08, एसी 3-टियर इकोनॉमी: 01, शयनयान श्रेणी: 04, पैंट्री कार: 01, पावर कार: 02 = 19 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09605 / 09606 मदार जंक्शन-कोलकाता-मदार जंक्शन स्पेशल ट्रेन**

| मदार जंक्शन-कोलकाता | | | (09605) (09606) | कोलकाता-मदार जंक्शन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शुक्र | -- | 10.45 | ↓ मदार जंक्शन | 14.00 | -- | सोम |
| | 16.05 | 16.10 | भरतपुर जंक्शन | 06.40 | 06.45 | |
| शनि | 13.10 | 13.15 | धनबाद जंक्शन | 07.35 | 07.40 | रवि |
| | 15.00 | 15.05 | आसनसोल जंक्शन | 06.10 | 06.15 | |
| | 18.05 | 18.07 | बैण्डेल जंक्शन | 02.28 | 02.30 | |
| | 21.50 | -- | कोलकाता ↑ | -- | 00.50 | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में किशनगढ़, जयपुर जंक्शन, गांधी नगर जयपुर, बाँदीकुई जंक्शन, अछनेरा जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम जंक्शन, डेहरी ऑन सोन, गया जंक्शन, मानपुर जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, दुर्गापुर, बर्द्धमान जंक्शन और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **चलने की तिथियाँ और दिन: मदार जंक्शन से :** 09605 दिनांक 17.04, 24.04 और 01.05.2026 (शुक्रवार) को = 03 ट्रिप और **कोलकाता से:** 09606 दिनांक 19.04, 26.04 और 03.05.2026 को (रविवार) = 03 ट्रिप। ● **गठन:** एसी 2-टियर: 02, एसी 3-टियर: 04, शयनयान श्रेणी: 08, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस): 04, एसएलआरडी: 02 = 20 कोच। ● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नोएडा : वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारियों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा, आगजनी



## विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है। गठित समिति की कमान औद्योगिक विकास आयुक्त को सौंपी गई है। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) और प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन को भी इसमें सदस्य बनाया गया है। खास बात यह है कि समिति में श्रमिक संगठनों के पांच प्रतिनिधियों और उद्योग संगठनों के तीन प्रतिनिधियों को शामिल कर सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

**नोएडा:** नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्टरी कर्मियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर हिंसा हुई और इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस की एसयूवी समेत कई वाहनों में आग लगा दी गई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया तथा कई जगहों पर पथराव की घटनाएं सामने आईं। प्रदर्शन के कारण यातायात ठप हो गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में दिल्ली जाने वाली विभिन्न सड़कों पर हजारों यात्री फंस गए। दिल्ली-नोएडा सीमा पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। अधिकारियों ने बताया कि फेज-2 और सेक्टर-60 स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारी बड़ी संख्या में सुबह एकत्र हुए और उन्होंने वेतन संशोधन की अपनी काफी समय से लंबित मांग को लेकर नारेबाजी तथा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक अन्य मांगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य हरियाणा की तर्ज पर वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सेक्टर-62 और सेक्टर-84 में भी मजदूरों ने सुबह से ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 को भी जाम कर दिया जिससे गाजियाबाद के निकट दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने संपत्ति में तोड़फोड़ की, पथराव किया और वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर आयुक्तालय के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर रखने के लिए मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में भारी पुलिस बल भेजा गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा, ''स्थिति नियंत्रण में है और लगातार निगरानी की जा रही है। कर्मचारियों को समझाने और शांति बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहां आवश्यक है, वहां न्यूनतम बल का इस्तेमाल किया जा रहा है।'' अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और आश्वासन दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल की जा रही है।

## अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें श्रमिक : योगी आदित्यनाथ

मुजफ्फरनगर: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक श्रमिकों से अपील की है कि वे कोविड-19 महामारी के दौरान 'डबल इंजन' सरकार द्वारा दिए गए सहयोग को याद रखें और अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी नोएडा के कई औद्योगिक क्षेत्रों में सोमवार को हुए श्रमिकों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच आई है। इस दौरान उन्होंने कहा, ''मैं औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत सभी कर्मियों और श्रमिकों से अपील करता हूं कि वे याद करें, कोविड-19 के दौरान सरकार किस तरह उनके साथ खड़ी रही। उस समय हमने उनकी सुरक्षित घर वापसी के लिए परिवहन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं।'



विरोध प्रदर्शन के दौरान वाहनों में लगाई गई आग

### बलिया में नाबालिग बेटी से कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया के सुखपुरा थानाक्षेत्र में अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने को लेकर 60 वर्षीय एक व्यक्ति को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सुखपुरा थानाक्षेत्र की लड़की 11 अप्रैल की रात घर पर सो रही थी, तभी उसके पिता विजय राम ने नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। सुखपुरा के थाना प्रभारी रत्नेश दुबे ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर रविवार को विजय राम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने विजय राम को सोमवार को गिरफ्तार कर कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जेल भेज दिया।

### बोकारो इस्पात संयंत्र में क्रेन से गिरने के बाद एक मजदूर की मौत

**रांची:** झारखंड के बोकारो जिले में स्थित 'सेल' के बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) संयंत्र में सोमवार को क्रेन पर चढ़ते समय ऊंचाई से गिरने के बाद 37 वर्षीय एक संविदा कर्मचारी की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह कितनी ऊंचाई से गिरा था। उन्होंने बताया कि गणेश महतो नामक उस मजदूर को कारखाने के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया और फिर बोकारो जनरल अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धन ने बताया, अस्पताल में इलाज के दौरान कर्मचारी की मृत्यु हो गई। धन ने कहा कि महतो बीएसएल के कर्मचारी नहीं थे, वह संविदा कर्मचारी थे। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच जारी है।

### बिहार के नवादा में स्कूल वैन पलटने से एक बच्ची की मौत, 20 छात्र घायल

**नवादा:** बिहार के नवादा जिले में सोमवार को एक स्कूल वैन पलटने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य छात्र घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कमालपुर रोड पर हुई। गोविंदपुर थाने के प्रभारी विजय कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सुबह करीब आठ बजे यहां कमालपुर रोड पर एक स्कूल वैन पलट गई। हादसे में लगभग 10 वर्ष की एक बच्ची की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 20 छात्र इस दुर्घटना में मामूली रूप से घायल हो गए, जिनकी उम्र 8 से 10 वर्ष के बीच है।

## अगर मुख्यमंत्री स्थिति संभाल नहीं पा रहे हैं, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए:अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को नोएडा में मजदूरों के आंदोलन के पीछे साजिश की आशंका पर सवाल उठाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि अगर आप से प्रदेश नहीं संभल रहा है तो ससम्मान इस गद्दी से उतर जाइए, नहीं तो जनता उतार देगी। योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर के एक समारोह में नोएडा में हुए श्रमिक आंदोलन के दृष्टिगत उनसे और उद्यमियों दोनों से संवाद बनाए रखने की अपील करते हुए कहा, कुछ लोग औद्योगिक अशांति फैलाना चाहते हैं, उनसे सावधान रहें और उन्हें सफल न होने दें। हमारी सरकार श्रमिकों और उद्यमियों दोनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उनके इस बयान के कुछ घंटे बाद सोमवार को ही सपा प्रमुख ने 'एक्स' पर पोस्ट किया,'अगर माननीय मुख्यमंत्री जी नोएडा के मजदूरों के आंदोलन को किसी की साजिश बता रहे हैं तो एक सवाल जनता आपसे पूछ रही है कि अगर यह सच है तो आपकी खुफिया पुलिस क्या आपके साथ बंगाल प्रचार करने गई थी।'

### अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियां जीवंत बनाने को श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण हो रहा है : योगी

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां एक समारोह में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की दिव्य प्रतिमा के अनावरण के बाद कहा, 'यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे शुकदेव की इस पावन धरा पर, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी एवं चौधरी अजीत सिंह जी की कर्मभूमि पर आज यहां लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की दिव्य प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त हुआ है।' एक सरकारी बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 350वीं जयंती गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाई गई थी तथा उसी समय केंद्र और राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया था कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। योगी ने कहा,'फिलहाल प्रदेश में 14 श्रमजीवी महिला छात्रावास निर्माणाधीन हैं, जो लोकमाता की स्मृतियों की ओर हम सबका ध्यान आकर्षित करेंगे।' मुख्यमंत्री ने कहा कि जगन्नाथ पुरी से लेकर सोमनाथ तक, काशी विश्वनाथ से लेकर रामेश्वरम तक भारत की गुलामी के उस कालखंड में, जब मुगल आक्रांताओं के कारण व्यवस्था जकड़ी हुई थी, तब भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारत की विरासत के संरक्षण के लिए पूरी तन्मयता से कार्य कर रही थीं।

## वृंदावन नौका हादसा : दो और शव बरामद, मृतक संख्या बढ़कर 15 हुई



**मथुरा (उप्र):** मथुरा के वृन्दावन शहर में पिछले शुक्रवार को यमुना नदी में हुए नौका हादसे में डूबे एक महिला और एक युवक के शव सोमवार सुबह बरामद किये जाने के बाद, इस घटना में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि सोमवार को तलाश अभियान के दौरान मोनिका नामक महिला का शव मथुरा के बंगाली घाट क्षेत्र में पानी पर उतराता पाया गया। उन्होंने बताया कि एक और शव वृन्दावन में ही देवरहा बाबा घाट के पास नदी में पाया गया, जिसकी पहचान यश उर्फ युवराज भल्ला (22) के रूप में हुई है। रावत ने बताया कि हादसे से कुछ ही मिनट पूर्व के एक वीडियो में यश भजन-कीर्तन कर रहे श्रद्धालुओं के साथ ढोल बजाता दिख रहा है। उन्होंने बताया कि अब केवल पंकज मल्होत्रा नामक व्यक्ति ही लापता है क्योंकि वह भी उसी नाव में सवार था, जो शुक्रवार दोपहर हादसे का शिकार हुई थी। रावत ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) व प्रांतीय आपदा निवारण बल (एसडीआरएफ) की कुल 10 टीमें, प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के गोताखोरों की 6 टीमों सहित पुलिस, अग्निशमन विभाग व स्थानीय गोताखोरों के लगभग 250 लोग हादसे में लापता हुए लोगों की तलाश के लिए अभियान में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि अब अंतिम लापता व्यक्ति पंकज मल्होत्रा की तलाश पूरी होने तक अभियान जारी रहेगा। वृन्दावन में शुक्रवार दोपहर पंजाब के जगरांव (लुधियाना) से दो बसों में आए श्रद्धालुओं में से अधिकांश दो नावों में सवार होकर यमुना में नौका विहार करते हुए नदी के दूसरे किनारे पर (मांट क्षेत्र में) स्थित देवरहा बाबा की समाधि का दर्शन करने के लिए जा रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, एक नाव का मालिक एवं नाविक पप्पू उर्फ दाऊजी नाव को कुछ ज्यादा ही रफ्तार से ले जा रहा था।

## न्यूज अपडेट

### भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी अलग पहचान बना रहा : राजनाथ सिंह





**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पहले सिर्फ क्रिकेट और हॉकी खेलने वाले देश के तौर पहचाना जाने वाला भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। सिंह ने सोमवार को लखनऊ में 'सांसद खेल महाकुंभ-2026' के उद्घाटन अवसर पर कहा, पहले, हमारी पहचान सिर्फ क्रिकेट और हॉकी खेलने वाले देश के तौर पर थी और जब ओलंपिक खेलों की बात आती थी, तो हम अक्सर पदक तालिका में अपना नाम भी दर्ज नहीं करा पाते थे। हालांकि, भारत अब दुनिया भर के बड़े खेल आयोजनों में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'किसी भी देश या समाज के विकास का पैमाना न केवल उसकी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर निर्भर करता है बल्कि वैश्विक खेल आयोजनों में उसके खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है। यह खेल के क्षेत्र से जीडीपी में होने वाले योगदान पर भी निर्भर करता है। दूसरे शब्दों में, खेल किसी देश की जीडीपी में किस हद तक योगदान देता है, यह (उसके विकास का) एक महत्वपूर्ण पैमाना है।'

### राजस्थान में मंगलवार से 24 घंटे पूरी तरह बंद रहेंगे निजी अस्पताल

**जयपुर:** जयपुर में स्थित एक निजी अस्पताल के निदेशक की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार से राज्य के निजी चिकित्सकों ने 24 घंटे की हड़ताल का ऐलान किया है। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) की राजस्थान इकाई ने घोषणा की है कि निजी अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी सेवाएं 14 अप्रैल सुबह 8 बजे से 15 अप्रैल सुबह 8 बजे तक बंद रहेंगी। विरोध प्रदर्शन जयपुर के एक निजी अस्पताल के निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुआ है। उन्हें हाल ही में चिकित्सीय लापरवाही के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिससे राज्य के चिकित्सकों के बीच व्यापक आक्रोश फैल गया है। आईएमए राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि पहले गठित एक मेडिकल बोर्ड ने मामले में चिकित्सीय लापरवाही का कोई सबूत नहीं पाया था। उनका आरोप है कि गिरफ्तारी राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) से जुड़ी कुछ मामूली अनियमितताओं के आधार पर की गई है।

### जीतन राम मांझी का नीतीश को लेकर भावुक संदेश : 'आप महामानव हैं, बिहार आपके बिना अधूरा'

**पटना:** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महामानव बताते हुए कहा कि बिहार उनके बिना अधूरा रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नीतीश जी ने बिहार को सुशासन, विकास और गरिमा दी। महादलितों, पिछड़ों और गरीबों के लिए उनके कार्य इतिहास में दर्ज रहेंगे। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार का सपना चारों सदनों-विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा-का सदस्य बनने का था, जो अब पूरा हो रहा है। लेकिन बिहार इस महामानव के बिना कैसे चलेगा? करोड़ों बिहारियों की आंखें नम हैं।'

### नीतीश कुमार ने सत्ता छोड़ने से पहले बिहार का खजाना खाली किया : तेजस्वी यादव



पटना: राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने से पहले बिहार का खजाना खाली कर दिया है और अब राज्य की सरकार दिल्ली से चलाई जाएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को हड़प लिया है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, नीतीश कुमार बिहार छोड़ने वाले हैं और उससे पहले ही उन्होंने राज्य का खजाना खाली कर दिया है। 20 वर्षों के राजग शासन के बाद भी बिहार सबसे गरीब राज्य बना हुआ है, जहां प्रति व्यक्ति आय और निवेश सबसे कम है तथा शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति भी खराब है।



## व्रत - त्यौहार

14.04.2026 : वैशाखी पर्व, अंबेडकर जयंती
15.04.2026 : प्रदोष व्रत
18.04.2026 : चन्द्रदर्शन
20.04.2026 : अक्षय तृतीया व्रत

## सम्मान और सफलता पाने के लिए आचार्य चाणक्य की इन बातों का रखें



आचार्य चाणक्य की नीतियां आज भी प्रसिद्ध हैं और वह सभी के जीवन में विशेष महत्व रखती हैं। मान्यता है कि, चाणक्य नीतियों का अध्ययन करने से व्यक्ति के जीवन में सफलता के मार्ग प्रशस्त होते हैं। माना जाता है कि, आचार्य चाणक्य केवल एक महान विद्वान ही नहीं थे, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले अद्भुत मार्गदर्शक भी थे। सफलता को लेकर उनका मानना था कि, व्यक्ति की सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, सोच और निर्णय लेने की क्षमता से भी तय होती है। यदि कोई व्यक्ति जीवन में सम्मान और कामयाबी चाहता है, तो उसे कुछ मूल बातों को हमेशा याद रखना चाहिए। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।**
**वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्।।**

जीवन में ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाकर रखनी चाहिए, जो सामने मीठी बातें करते हैं और पीठ पीछे से आपके काम बिगाड़ते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार, ऐसे लोग आपकी कामयाबी में बाधा बनते हैं और आपकी परेशानियों को बढ़ाने का कार्य करते हैं। इसलिए इनसे दूरी बनाए रखें।

**न विश्वसेत् कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।**
**कदाचित् कुपितं मित्रं सर्व गुह्यं प्रकाशयेत्।।**

चाणक्य नीति के अनुसार, व्यक्ति को बुरे मित्रों पर तो कभी भरोसा नहीं करना चाहिए, साथ ही अच्छे मित्रों पर भी सीमित विश्वास रखना ही समझदारी है। उनका मानना है कि, कभी-कभी परिस्थितियां बदलने पर कुछ लोग आपके राज को दूसरों के सामने उजागर कर सकते हैं। इसलिए अपने रहस्यों को सोच-समझकर ही साझा करना चाहिए।

**जुबान से निकले शब्द**

चाणक्य नीति के अनुसार, इंसान को अपनी वाणी का खास ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि एक बार मुंह से निकले शब्द कभी वापस नहीं आते। इसलिए हमेशा सोच-समझकर बोलना चाहिए। आपके शब्द आपके समस्याएं को समाप्त और बढ़ा भी सकते हैं। इसलिए वाणी पर संयम रखें।

**बीता हुआ समय**

हम सभी के जीवन में हमारा समय सबसे किमती होता है। इसलिए इसका हमेशा सदुपयोग करना चाहिए, क्योंकि जो समय एक बार निकल जाता है, वह फिर कभी वापस नहीं आता। इसलिए जीवन में आलस्य और टालमटोल से दूर रहकर हर पल का सही उपयोग करना चाहिए।

## सतुवाई अमावस्या कब है? जानें मुहूर्त, महत्व और पूजा विधि

वैशाख माह की अमावस्या हिंदू धर्म में एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण तिथि मानी जाती है। इसे विशेष रूप से पितरों की शांति और पारिवारिक सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस अमावस्या को सतुवाई अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन श्रद्धालु अपने पूर्वजों को याद कर उनका तर्पण करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार



अमावस्या का यह दिन पितृ कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस अवसर पर लोग दान-पुण्य करते हैं । पूजा पाठ करते हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा तथा शांति बनाए रखने की प्रार्थना करते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्यों से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सुख समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। आइए जानते हैं सतुवाई अमावस्या की तिथि, मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में।

### सतुवाई अमावस्या तिथि और मुहूर्त

वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि प्रारंभ: 16 अप्रैल रात्रि 08:11 बजे से

वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि समाप्त: 17 अप्रैल, सायं 05:21 बजे पर

उदयातिथि के अनुसार वैशाख अमावस्या 17 अप्रैल को मनाई जाएगी।

अभिजित मुहूर्त- प्रातः 11:55 से दोपहर 12:47 तक

अमृत काल- प्रातः 09:50 से प्रातः 11:18 तक

### सतुवाई अमावस्या का महत्व

सतुवाई अमावस्या हिंदू धर्म में विशेष महत्व माना जाता है। इसे वैशाख अमावस्या के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन पितरों की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध करने की परंपरा है। ऐसा करने से पितर प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं । इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करना, जैसे गंगा स्नान, बहुत शुभ माना जाता है। इससे पापों का नाश होता है और मन को शुद्धि मिलती है। गर्मी के मौसम की शुरुआत होने के कारण इस दिन सत्तू, घड़ा या मटका और पंखा जैसी वस्तुओं का दान करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है । इस दिन लोग सात्विक भोजन करते हैं और सत्तू, तिल, गुड़ और जल से तर्पण करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन किए गए पितृ कार्यों से घर में सुख शांति समृद्धि और मानसिक संतोष बना रहता है।

### सतुवाई अमावस्या पर क्या करें

- सतुवाई अमावस्या के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा स्नान करें।यदि संभव न हो तो घर के स्नान जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए
- स्नान के बाद तांबे के लोटे में जल, लाल चंदन और फूल डालकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दें।
- इसके बाद दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों के नाम से जल और काले तिल अर्पित करने चाहिए।
- इसके बाद ॐ पितृभ्य नमः मंत्र का जाप करना चाहिए।
- मिट्टी के कलश में जल भरकर उसके ऊपर सत्तू का पात्र रखकर दान करना शुभ माना जाता है।
- इस दिन मौसमी फल और वस्त्रों का दान करना भी अत्यंत फलदायी होता है।
- ब्राह्मणों को भोजन कराना और उनका आशीर्वाद लेना विशेष पुण्य प्रदान करता है।
- 8 जरूरतमंद लोगों को कच्चा अनाज यानी सीधा दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है।

## तीन लोकप्रिय प्रार्थनाएं

**सत्यनारायण व्यास**

संसार के लगभग सभी लोग किसी न किसी रूप में ईश्वरीय सत्ता, सार्वभौमिक सत्ता व सर्वोच्च सत्ता के अस्तित्व में विश्वास करते हैं। उनका मानना है कि कोई शक्ति है जो सर्वशक्तिमान है, सर्वापरि है, संपूर्ण है। उस शक्ति की कल्पना, नाम आदि भिन्न-भिन्न विचारों के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और हैं भी। उनके द्वारा कल्पित, नामित, वह शक्ति उनका ईश्वर है। भगवान है, गॉड है, खुदा है।

सामान्यतः जब मनुष्य कठिनाई में होता है, दुःख में होता है तो वह अपने जीवन के अंतरंग व्यक्ति, वह उसका मित्र हो सकता है, पारिवारिक सदस्य हो सकता है, या अन्य भी, उससे वह अपने मन की बात कहता है, आगे चलने की राह पूछता है। सहारा, सहयोग, सांत्वना, सद्भावना की आशा जगाता है। छोटे-मोटे सांसारिक कार्यों में आई कठिनाइयां इस प्रकार दूर भी हो जाती हैं।

जब मनुष्य कुछ अधिक कष्ट, पीड़ा, दुःख में होता है उसे सांसारिक लोगों से अपने दुःखों का निराकरण दृष्टिगत नहीं होता, तब वह उस सर्वोच्च सत्ता का स्मरण करता है। उससे मन की बात कहता है। प्रार्थना करता है।

प्रतिदिन के जीवन में मनुष्य उस प्रभु को कैसे स्मरण करे, किन शब्दों में प्रार्थना करे, किस भाव को क्या स्थान दे, किस देव, देवी की प्रार्थना करे, इसके लिए शास्त्रों ने अपने श्लोक, मंत्र, दोहा, चौपाइयां, गीत, धुन, ध्यान की बात कही है। इनमें ईश्वर के गुणों का वर्णन है, अन्य-अन्य कामनाओं की पूर्ति करने की चाहना है।

सभी धर्म, सभी शास्त्र ईश्वर का प्रतिदिन स्मरण करने को कहते हैं। उसके नाम का निरंतर जप करने को कहते हैं। उससे प्रार्थना करें कि वह हमें सद्बुद्धि दे, ज्ञान दे, सुख शांति दे। इस प्रकार की प्रार्थनाओं के सैंकड़ों मंत्र प्रचलित हैं। साधक अपनी



भावनाओं, अपनी श्रद्धा, अपनी समझ, सीख के अनुसार मंत्रों, श्लोकों आदि को अपनी पूजा/ध्यान में प्रयोग करता है।

ईश्वर का गुणगान, उसके प्रति समर्पण की भावना श्लोकों, मंत्रों आदि के माध्यम से पद्य गद्य किसी भी रूप में व्यक्त की जा सकती है। इसी प्रकार के पद्यों में किसी ने निम्न पद्य कितना सुंदर रचा है। जिसमें ईश्वर को सब कुछ माना है, ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण है।

**त्वमेव माताश्च पिता त्वमेव,**
**त्वमेव बंधुश्च सखा त्वमेव।**
**त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव,**
**त्वमेव सर्व मम् देव, देवा।।**

हे प्रभु आप ही मेरी माता हैं, आप ही पिता हैं, आप ही बंधु हैं, आप ही सखा हैं। आप ही विद्या हैं, आप ही धन-दौलत, आप ही देवो के देव हैं, आप सर्वेसर्वा हैं। आप मेरे सर्वस्व हैं।

इस प्रकार के संपूर्ण के बाद एक सामान्यजन की अपने श्रेष्ठ के लिए कामना हो सकती है कि प्रभु मेरा भला करो। मुझे बुराई से, दुख, विपत्तियों से बचाओ।

एक प्रार्थना है -

**असतो मा सद्गमय।**
**तमसो मा ज्योतिर्गमय।।**
**मृत्योर्मा अमृतंगमय।।।**

हे प्रभु, तूं मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चल। अंधेरे (अज्ञान रूपी अंधेरे) से उजाले (ज्ञान रूपी उजाले) की ओर ले चल और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चल।

इस प्रकार की अपने बारे में ईश्वर से प्राप्ति के बाद कुछ बाकी नहीं रहता।

जब एक व्यक्ति ईश्वर को समर्पित हो गया, ईश्वर ही सब कुछ है, ऐसा मन में धारण कर लिया एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि वह उसे सत्य, प्रकाश एवं जीवन के राह पर चलाएं, तब उसे चाहिए कि वह संसार के समस्त प्राणियों के कल्याण की सोचे, इसके लिए एक प्रार्थना है -

**सर्वे भवन्तु सुखिनः।**
**सर्वे सन्तु निरामयाः।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु।**
**मां कश्चिद दुःख भाग्भवेत।।**

सभी प्राणी सुखी हों, दुख व्याधि से मुक्त रहें। सभी की दृष्टि मंगलमयी हो। किसी को भी दुःख न हो।

संसार में सबका भला होगा तो अपना भला तो स्वतः हो जायेगा।

प्रार्थना कोई सामान्य निवेदन नहीं है। यह अहंकार रहित दो के बीच आप और आप के ईश्वर का संवाद है। प्रार्थना नम्रता, शांति, धैर्य एवं समर्पण के भाव के साथ की जानी चाहिए। उपरोक्त तीनों प्रार्थनाएं श्रद्धा और भाव के साथ प्रतिदिन की जायं तो अनेकों अन्य प्रार्थनाओं के पठन की पूर्ति भी स्वतः हो सकेगी।

इन प्रार्थनाओं के माध्यम से वह सब कुछ कह दिया गया है जो भिन्न-भिन्न प्रार्थनाओं के माध्यम से सामान्यजन ईश्वर से कहता है। इनमें ईश्वर के प्रति समर्पण है, अपने एवं विश्व के कल्याण की कामना। और कोई क्या चाह सकता है। (उर्वशी)

# आशा भोसले पंचतत्व में विलीन, गीत फिजा में गूंजते रहेंगे

## अंतिम यात्रा में हजारों प्रशंसकों की भीड़ उमड़ी

**मुंबई :** प्रख्यात गायिका आशा भोसले का मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर सोमवार शाम हिंदू रीति-रिवाज और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। संगीत जगत की जानी-मानी हस्ती को अंतिम विदाई देने के लिए शिवाजी पार्क के अंदर और बाहर काफी संख्या में लोग एकत्र थे। पृष्ठभूमि में आशा का गाया गीत, ''अभी ना जाओ छोड़कर...'' बज रहा था। संगीत की दुनिया पर दशकों तक राज करने वाली महान गायिकाओं की पीढ़ी में शुमार शायद वह आखिरी गायिका थीं। उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज और पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उन्हें बंदूकों की सलामी दी गयी। 'स्वर साम्राज्ञी' लता मंगेशकर की बहनों में से एक, आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं। उनकी बड़ी बहन लता का भी फरवरी 2022 में 92 वर्ष की आयु में रविवार के ही दिन निधन हुआ था। पुरोहितों ने पीले और नारंगी रंग के गेंदे के फूलों से सजी चिता के चारों ओर मंत्रोच्चार किया। भोसले के बेटे आनंद ने उन्हें मुखाग्नि दी। भोसले की पोती जनाई के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। बहन उषा मंगेशकर और संगीतकार भाई हृदयनाथ मंगेशकर भी वहां मौजूद थे। दिवंगत गायिका को अंतिम विदाई देने वालों में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार तथा निर्देशक रमेश सिप्पी, अभिनेता आमिर खान और विक्की कौशल शामिल थे। यह गम और गीत का क्षण था। चिता को अग्नि दिये जाने से पहले, गायक शान, सुदेश भोसले और अनूप जलोटा ने महान



गायिका को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। आशा भोसले ने महज 10 साल की उम्र में गाना शुरू किया था और वह आठ दशक लंबे अपने करियर में लगभग 12,000 गीत गाए। सुदेश भोसले ने ''ज़िंदगी एक सफ़र है सुहाना'' गाया, वहीं शान ने ''प्यार के मोड़ पे'' गाया। ...लेकिन ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं थे। कई प्रशंसक, प्रार्थना की मुद्रा में हाथ जोड़े हुए गीतों को सुन रहे थे। मुंबई के लिए यह एक अविस्मरणीय दिन था। लोग सड़कों पर कतारों में खड़े थे, छतों और खिड़कियों पर एकत्र थे और सैकड़ों लोग शवयात्रा के साथ-साथ धीरे-धीरे भोसले के घर लोअर परेल से शिवाजी पार्क की ओर बढ़ रहे थे, ताकि शहर की अपनी 'आशा ताई' को उनकी अंतिम यात्रा में साथ दे सकें। आठ दशकों तक अपने गीतों से लोगों के दिलों पर राज करने वाली गायिका के अंतिम दर्शन करने के लिए उमड़ी भीड़ में ''आशा ताई अमर रहे'' के नारे गूंज रहे थे। लाल साड़ी में अपनी खास बिंदी, और नथनी पहनी हुई भोसले की एक विशाल तस्वीर फूलों से सजे वाहन पर रखी गयी थी। इससे पहले दिन में, भोसले के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लिपटे हुए और कांच के ताबूत में उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। उनके दशकों पुराने गीत – ''आओ हुज़ूर तुमको'', ''आइए मेहरबां'', ''झुमका गिरा रे'', ''दिल चीज़ क्या है'', ''ओ साथी रे'' और ''याई रे याई रे'' – पृष्ठभूमि में धीमी आवाज़ में बज रहे थे। बॉलीवुड सितारे आशा पारेख और हेलेन, रणवीर सिंह, तब्बू, संगीतकार ए आर रहमान, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तथा नेता उद्धव ठाकरे, प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले उन लोगों में शामिल थे, जो उनके आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए थे।

### आशा भोसले का युग हुआ अमर, उनका संगीत हमेशा जीवित रहेगा: अनुराधा पौडवाल

**नयी दिल्ली :** गायिका अनुराधा पौडवाल ने दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें एक ऐसी संस्था बताया जिनकी विरासत उनके संगीत के माध्यम से हमेशा जीवित रहेगी। पौडवाल ने कहा कि भोसले का योगदान संगीत से कहीं अधिक था और उन्होंने बढ़ती उम्र के बावजूद अपनी लोच और समर्पण को बनाये रखा। गायिका ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, दुनिया भर में उनके लाखों-करोड़ों प्रशंसकों के लिए यह बहुत दुखद दिन है। वह न केवल संगीत जगत में एक संस्था थीं, बल्कि उन्होंने अपने जीवन में तमाम मुश्किलों का बहादुरी से सामना किया और इस उम्र में भी गाना जारी रखा।

### ईडी ने 500 करोड़ रुपये की 'धोखाधड़ी' के मामले में गुरुग्राम के रियल्टी समूह पर छापा मारा

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि निवेशकों के साथ कथित तौर पर 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में जांच के तहत यह कार्रवाई की गई। उन्होंने 32 एवेन्यू नामक कंपनी से जुड़े सात परिसरों पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि यह समूह दिल्ली-एन-सीआर और गोवा में संचालित होता है। कंपनी या उसके प्रवर्तक से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका।

### केरल विधानसभा चुनाव में मत प्रतिशत 79.63 रहा, आंकड़ें जारी करने में देरी नहीं हुई: सीईओ

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) रतन यू. केलकर ने सोमवार को कहा कि नौ अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 79.63 प्रतिशत रहा। केलकर ने विस्तृत मतदान डेटा जारी करने में देरी से संबंधित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 79.63 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें ईवीएम के जरिये डाले गए वोट, डाक मतपत्रों के जरिये हुआ मतदान और घर पर हुआ मतदान शामिल हैं, लेकिन सेवा वोट इसमें शामिल नहीं हैं।

### असम: 'बिना वैध दस्तावेजों' के भारत में प्रवेश करने पर चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने के आरोप में गुवाहाटी में एक नाबालिग सहित चार संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनकी कथित तौर पर मदद करने वाले एक व्यक्ति को भी पकड़ा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार शाम को इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। मदद करने वाला व्यक्ति बारपेटा जिले का रहने वाला है और पेशे से टैक्सी चालक है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक फिलहाल दिसपुर पुलिस थाने में हैं और वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें वहीं रखा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि मदद करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की सिक्किम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक

**गंगटोक :** सिक्किम के 50वें स्थापना वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक कर प्रधानमंत्री के इस प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री के इस महीने के अंत में राज्य का दौरा करने की संभावना है।

## भविष्य की भारतीय न्यायपालिका भव्य इमारतों तक सीमित नहीं रह सकती : प्रधान न्यायाधीश

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि भविष्य की भारतीय न्यायपालिका भव्य इमारतों तक सीमित या भौगोलिक सीमाओं में बंधी नहीं रह सकती। यहां ''न्याय की पुनर्कल्पना: 50 वर्ष बाद भारतीय न्यायपालिका'' विषय पर आयोजित चौथे अशोक देसाई स्मृति व्याख्यान में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भविष्य की न्यायपालिका को एक ऐसी सेवा में रूपांतरित होना चाहिए जो सुलभ, उत्तरदायी और नागरिकों के दैनिक जीवन में सहज रूप से एकीकृत हो। उन्होंने कहा, ''भविष्य की भारतीय न्यायपालिका भव्य इमारतों तक सीमित या भौगोलिक सीमाओं में बंधी नहीं रह सकती। इसे एक ऐसी सेवा में रूपांतरित होना होगा जो



सुलभ, उत्तरदायी और नागरिकों के दैनिक जीवन में सहज रूप से एकीकृत हो।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका का प्रयास एक ऐसी न्याय प्रणाली विकसित करना होना चाहिए, जो 50 वर्षों बाद अधिक सुलभ, उत्तरदायी और नागरिकों के जीवन से गहराई से जुड़ी हो। उन्होंने कहा कि भविष्य के न्यायाधीश की पहचान केवल एक कानूनी विशेषज्ञ या न्यायविद तक सीमित नहीं रह सकती।

## तमिलनाडु में द्रमुक सरकार ने भ्रष्टाचार को व्यवस्था का हिस्सा बनाया : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु में द्रमुक सरकार पर ''भ्रष्टाचार को व्यवस्था का हिस्सा बनाने'' का आरोप लगाया और कहा कि दक्षिणी राज्य के लोग बदलाव की उम्मीद से भाजपा-राजग की ओर देख रहे हैं। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के बूथ-स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत में मोदी ने यह भी कहा कि वह जानते हैं कि तमिलनाडु के लोग सत्तारूढ़ द्रमुक को उसके कथित कुशासन के लिए दंडित करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु में द्रमुक सरकार ने भ्रष्टाचार को व्यवस्था का अभिन्न अंग बना दिया



है। हर विभाग अनियमितताओं में लिप्त है। कई मंत्री मुकदमों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार, कमीशन और रिश्वतखोरी द्रमुक सरकार की पहचान बन गए हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी था, जब द्रमुक के केंद्र सरकार में शामिल होने के बावजूद तमिलनाडु में कोई नयी परियोजना नहीं आती थी और चाहे कितनी भी समस्याएं हों, उनका कोई समाधान नहीं किया जाता था। उन्होंने कहा, ''और फिर आज का समय है, जब राजग सरकार रेलवे, राजमार्गों और हवाई अड्डों के लिए बड़ी परियोजनाएं ला रही है। यह तेजी से काम कर रही है।'' मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ही तमिलनाडु के लोगों के बीच अब एक नया माहौल बना है। उन्होंने कहा, ''लोग भाजपा-राजग गठबंधन को बदलाव की उम्मीद से देख रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों का कल्याण राजग सरकार की प्राथमिकता है और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

### जम्मू कश्मीर के कठुआ में संदिग्ध आतंकवादी गतिविधि के मद्देनजर तलाशी अभियान शुरू

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सोमवार को कठुआ जिले के राजबाग और रामकोट के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह राजबाग क्षेत्र में सोफेन गांव से अम्बानाल वन की ओर हथियारबंद दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली, जिनके पास भारी बैग भी थे। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की मदद से तुरंत तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू कर दिया, लेकिन फिलहाल संदिग्ध आतंकवादियों का कोई सुराग नहीं मिला।

### छत्तीसगढ़ में जनगणना के लिए 62 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में जनगणना के लिए 62 हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में किया जाएगा। राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) मनोज कुमार पिंगुआ ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पहला चरण एक मई से 30 मई, 2026 तक चलेगा जिसमें मकानों की सूची बनायी जायेगी और उनकी गणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा। पिंगुआ ने बताया कि जनगणना देश में पहली बार डिजिटल तरीके से की जाएगी, जिसमें स्व-गणना भी एक विकल्प होगा। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में स्व-गणना के लिए राज्य में मकान सूचीकरण कार्य शुरू होने से 15 दिन पूर्व की अवधि निर्धारित की गई है, जो 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होगी। उन्होंने कहा कि स्व-गणना विकल्प के तहत व्यक्ति अपनी जानकारी ऑनलाईन स्वयं भर सकता है। उन्होंने बताया कि एक खास 'सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी' बनाई जाएगी तथा इसे एक मई से 30 मई तक घर-घर पहुंचने पर प्रगणक के साथ साझा किया जाना है।

### अवैध गुर्दा प्रतिरोपण गिरोह का 'मास्टरमाइंड' गिरफ्तार

**कानपुर (उप्र) :** कानपुर पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध तरीके से गुर्दा प्रतिरोपण करने वाले गिरोह के इनामी 'मास्टरमाइंड' को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गिरोह के मास्टरमाइंड और 25 हजार रुपये को इनामी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मात्र 12वीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण करने वाला रोहित खुद को डॉक्टर बताता था। लाल ने बताया कि रोहित की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गयी है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि 'आपरेशन थियेटर' की कई तस्वीरों में डॉक्टरों के साथ चिकित्सक का रूप धरे दिख रहे रोहित ने शुरुआती पूछताछ में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि रोहित ने स्वीकार किया कि उसे हर गुर्दा प्रतिरोपण पर 18 लाख रुपये मिलते थे जिन्हें वह गिरोह के सदस्यों में वितरित करने के बाद अपना हिस्सा रख लेता था। लाल ने बताया कि मामले का भंडाफोड होने के दो हफ्ते बाद गिरफ्तार किये गये रोहित ने पकड़े जाने से बचने के लिये गोवा, काठमांडू, मनाली और शिमला में छुपने की कोशिश की थी। इस गिरोह का भंडाफोड़ 30 मार्च को पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों की संयुक्त छापेमारी के बाद हुआ था।

### न्यायालय का लालू प्रसाद के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी और आरोपपत्र रद्द करने से इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े 'जमीन के बदले नौकरी' मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी को सोमवार को रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हालांकि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद (77) को सुनवाई के दौरान अधीनस्थ अदालत में पेश होने से छूट दे दी। पीठ ने कहा, ''हम धारा 17ए (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की) के इस्तेमाल से जुड़े मुद्दे पर कुछ नहीं कहते कि यह आगे से लागू होगा या पूर्व प्रभाव से। तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता को सुनवाई के समय कानूनी मुद्दा उठाने की आजादी दी जाती है।'' उच्चतम न्यायालय ने प्रसाद को इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के लागू होने का मुद्दा उठाने की अनुमति दी। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि कानून की धारा 17ए का उपयोग तभी किया जाता, अगर आरोपी किसी निर्णय लेने वाले पद पर होते।

## केंद्र सरकार का लक्ष्य भारत को खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना : केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी

**हैदराबाद :** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि केंद्र का लक्ष्य आयात पर निर्भरता कम करना और देश को खनिज क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बनाना है। खान मंत्रालय द्वारा महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी और दूसरे चरण के अन्वेषण लाइसेंस के संबंध में आयोजित एक रोड शो में रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं देश को खनिज संपदा से लाभान्वित करना और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। उन्होंने कहा, मैं केंद्र सरकार की ओर से यह कहना चाहूंगा कि सरकार खनिज क्षेत्र में राजस्व के लिए काम नहीं करती। बल्कि वह



खनिज क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाती है। भविष्य में शहरी खनन और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) में महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण के बहुत सारे अवसर को देखते हुए, उन्होंने निजी क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकारों और अन्य के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। केंद्रीय खान सचिव पीयूष गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, पिछले चार वर्षों में संयुक्त रूप से नीलाम किए गए 364 ब्लॉकों की तुलना में रिकॉर्ड 212 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई, जिससे 2015 में नीलामी प्रणाली की शुरुआत के बाद से कुल संख्या 684 ब्लॉक हो गई है।

## केंद्र ने संयुक्त सचिव स्तर पर बड़े पैमाने पर नौकरशाही फेरबदल किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सोमवार को नौकरशाही में एक बड़ा फेरबदल करते हुए 48 सिविल सेवकों को संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों पर नियुक्त किया। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, गुजरात कैडर के 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हार्दिक सतीशचंद्र शाह को प्रधानमंत्री के निजी सचिव (संयुक्त सचिव स्तर) के रूप में नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि शाह, जो पहले से ही प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में कार्यरत हैं, अब पदभार ग्रहण करने की तिथि से, संयुक्त सचिव स्तर का पद संभालेंगे। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कपिल मीना को कृषि विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी प्रियंका दास को नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रीति मीना, शैलेश कुमार चौरसिया और विनोद कुमार को रक्षा विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि अजीत कुमार श्रीवास्तव को इसी विभाग में अतिरिक्त वित्तीय सलाहकार और संयुक्त सचिव नामित किया गया है। महात्मा संदीप नामदेव (आईएएस) और राकेश राठी (भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी) गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

## वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की मौजूदा व्यवस्थाओं में कोई बदलाव नहीं होगा: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को साफ कर दिया कि वह वृंदावन के मशहूर बांके बिहारी मंदिर में धार्मिक रीति-रिवाजों के संबंध में मौजूदा व्यवस्था में ''कोई ढांचागत बदलाव'' नहीं करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ वकील श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया और निर्देश दिया कि मामले को दो हफ्ते बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए ताकि पक्षों को हाल में दायर की गई स्थिति रिपोर्ट पर जवाब देने का मौका मिल सके। शीर्ष अदालत ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंध समिति और सेवायतों (पुजारियों) की तरफ से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं ने अदालत द्वारा बनाई गई उच्चाधिकार प्राप्त समिति के हाल के प्रशासनिक फैसलों को चुनौती दी है, जिनमें कथित तौर पर सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं में दखल दिया गया है। इससे पहले, अदालत ने उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 के कुछ हिस्सों पर रोक लगा दी थी और मंदिर के कामकाज की देखरेख के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार की अगुवाई में 12 सदस्यों वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति बनाई थी।

## वैन की मिक्सर ट्रक से भीषण टक्कर, 11 लोगों की मौत

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक पुल पर एक वैन की 'ट्रांजिट मिक्सर ट्रक' से भीषण टक्कर हो जाने के बाद तीन महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। वैन में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर कल्याण-मुरबाद-मालशेज राजमार्ग पर रायते गांव के पास उल्हास नदी पर नवनिर्मित पुल पर हुई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को शटल टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली वैन कल्याण से मुरबाद जा रही थी, तभी वह विपरीत दिशा से आ रहे 'ट्रांजिट मिक्सर' (सीमेंट मिक्सर मशीन ट्रक)



से टकरा गई। मुरबाद के तहसीलदार अभिजीत देशमुख ने बताया कि चालक समेत वैन में सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में आठ पुरुष और तीन महिलाएं हैं। देशमुख ने कहा, ''टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग दबकर अंदर फंस गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए गोवेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस ''भयानक दुर्घटना'' को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले पर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में है। राज्य परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने इस ओर भी ध्यान दिया कि अधिकृत छह लोगों की क्षमता वाली वैन में 11 यात्री सवार थे। सरनाइक ने एक बयान में कहा, ''परिवहन विभाग अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, लेकिन नागरिकों को भी जिम्मेदारी से काम लेना चाहिए। मैं सभी से क्षमता से अधिक भरे वाहनों में यात्रा करने से बचने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह करता हूं।''

## अमृतसर के भिंडी सैदा थाने पर ग्रेनेड हमले के पीछे आईएसआई का हाथ, छह गिरफ्तार : पंजाब डीजीपी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर जिले के भिंडी सैदा पुलिस थाने पर पिछले महीने हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का समर्थन प्राप्त था। यह घटना 29 और 30 मार्च की दरमियानी रात को थाना परिसर में हुई थी। इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ था। डीजीपी यादव ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर जिला ग्रामीण पुलिस ने फरीदकोट जिला पुलिस के



साथ एक संयुक्त अभियान में भिंडी सैदा थाने पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से दो पिस्तौल बरामद की गई हैं। डीजीपी ने कहा, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस मॉड्यूल को पाकिस्तान की आईएसआई का समर्थन प्राप्त था। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी विदेश से काम कर रहे एक पाकिस्तानी आका के संपर्क में थे, जो पंजाब में आतंकी गतिविधियों को निर्देशित कर रहा था। यादव ने कहा, 29-30 मार्च की दरमियानी रात को आरोपियों ने हथगोले हासिल किए, रेकी की और हमले को अंजाम दिया। इस मॉड्यूल को वैचारिक रूप से कट्टर बनाया गया था और पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए प्रेरित किया गया था। हमले को अंजाम देने के बदले उन्हें भारी वित्तीय इनाम का लालच दिया गया था। पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। यादव ने कहा कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने और इसके आगे-पीछे के संपर्कों का पता लगाने के लिए की जांच जारी है।

## न्यायमूर्ति शर्मा ने भ्रष्ट घोषित कर दिया था, न्याय नहीं मिलेगा: केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में कहा

**नयी दिल्ली :** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि शराब नीति मामलों में उनके पहले के फैसलों ने उन्हें लगभग दोषी और भ्रष्ट घोषित कर दिया था, और



उन्हें आशंका है कि अगर वह आरोपमुक्त किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई जारी रखती हैं तो उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष पेश होकर अपने मामले से उनके अलग होने संबंधी अर्जी पर बहस करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दलील दी कि न्यायाधीश के सुनवाई से अलग होने से जुड़े कानून के तहत सवाल किसी न्यायधीश की ईमानदारी या निष्पक्षता का नहीं, बल्कि मुकदमे के पक्षकार के मन में ''पक्षपात'' की आशंका का होता है। न्यायमूर्ति शर्मा ने आप प्रमुख, शराब नीति मामले में आरोपमुक्त किए गए अन्य लोगों के वकील और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मेहता ने कहा कि मामले से खुद को अलग करने के लिए दायर याचिकाओं पर जुर्माना लगाते हुए खारिज कर दिया जाना चाहिए और याचिकाकर्ताओं के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये एक अपरिपक्व सोच की आशंकाएं हैं और आगाह किया कि इस मामले में न्यायाधीश के अलग होने से गलत परंपरा स्थापित होगी। केजरीवाल ने दावा किया कि सीबीआई की याचिका और भाजपा के एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से जुड़े एक अन्य मामले को छोड़कर, न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष कोई भी अन्य मामला उसी गति से नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अदालत द्वारा जांच एजेंसियों की दलीलों का समर्थन करने का एक रुझान देखा जा रहा है।

## 2036 तक 5000 खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने की योजना, पदक वाले खेलों पर फोकस : मांडविया



**नयी दिल्ली:** खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) में पदक जीतने वाले खेलों पर फोकस रखते हुए दस साल की पदक रणनीति तैयार करके 2036 ओलंपिक तक पांच हजार खिलाड़ियों को इस योजना में शामिल करने का लक्ष्य रखा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को यहां अनौपचारिक बातचीत में कहा ,'टॉप्स पूल को मजबूत बनाने की जरूरत है और जिन खेलों में अधिक ओलंपिक पदक दाव पर हैं , उन पर फोकस किया जाना चाहिये।' उन्होंने आगे कहा,' यह अध्ययन जरूरी है कि पदक जीतने के प्रयासों में कहां कमी रह जाती है और इसी के तहत पदक रणनीति तैयार की गई है। ऐसा नहीं होना चाहिये कि जिन खेलों में अधिक पदक नहीं है, उनके खिलाड़ी टॉप्स में ज्यादा संख्या में हैं और जहां पदक ज्यादा मिलने हैं, उनके खिलाड़ी नहीं हैं।' मांडविया ने कहा,' मसलन ओलंपिक में एक्वाटिक्स में 165 पदक, साइकिलिंग में 66 और जिम्नास्टिक में 57 पदक दाव पर होते हैं जिनके खिलाड़ी टॉप्स में नहीं हैं। पहले डेवलपमेंट समूह में इन खिलाड़ियों की संख्या बढाई जायेगी और एक ढांचागत योजना के लिये अगले पांच साल में उन्हें कोर समूह में लाया जायेगा।' उन्होंने कहा ,'अगले दस साल की पदक रणनीति के तहत 2032 तक तीन हजार और 2036 तक पांच हजार खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने का लक्ष्य है। इसमें कोर और डेवलपमेंट समूह के बीच अनुपात 1 : 5 का रहेगा।' इस समय टॉप्स में कुल संख्या 399 है जिसमें कोर 51, कोर पैरा 62, डेवलपमेंट समूह में 166 , टारगेट एशियन गेम्स में 57 और हॉकी में 63 हैं। पिछले साल यह संख्या 245 थी। खेलमंत्री ने यह भी बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों से 80 प्रतिभाओं की पहचान हुई है जिन्हें आगे प्रशिक्षण के लिये उत्कृष्टता केंद्र भेजा जायेगा। उन्होंने कहा,'खेलो इंडिया और अस्मिता से पहचानी गई प्रतिभाओं को टॉप्स डेवलपमेंट समूह में शामिल करने के लिये व्यापक रोडमैप तैयार किया जा रहा है जिसके जरिये भविष्य में टॉप्स के कोर समूह का हिस्सा बन सकेंगे।'

# हिंगे और शाकिब के स्वप्निल पदार्पण से सनराइजर्स ने रॉयल्स के विजयी रथ को रोका

**हैदराबाद:** पदार्पण कर रहे प्रफुल्ल हिंगे और शाकिब हुसैन की स्वप्निल गेंदबाजी तथा कप्तान ईशान किशन की तूफानी पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से हराकर उसके विजयी अभियान पर विराम लगा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने छह विकेट पर 216 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ईशान किशन ने 44 गेंदों में 91 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल रहे। उन्होंने हेनरिच क्लासेन (40 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अंतिम ओवरों में नीतीश कुमार रेड्डी (13 गेंदों में 28 रन) और सलिल अरोड़ा (नाबाद 24) ने तेजी से रन बटोरकर टीम को मजबूत



स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। पदार्पण कर रहे हिंगे ने पहले ही ओवर में तीन विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुहान-ड्रे प्रिटोरियस को बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। इसके बाद शाकिब हुसैन ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर रॉयल्स को शुरुआती झटकों से उबरने नहीं दिया। महज नौ रन पर पांच विकेट गिरने से टीम पूरी तरह दबाव में आ गई। हालांकि, डोनोवन फरेरा (69 रन) और रविंद्र जडेजा (45 रन) ने छठे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन हिंगे और शाकिब की सटीक गेंदबाजी के सामने उनकी कोशिश नाकाम रही। शाकिब ने फरेरा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा, जबकि मलिंगा ने जडेजा को पवेलियन भेजकर रॉयल्स की उम्मीदें खत्म कर दीं। शाकिब ने अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए चार विकेट झटके, जबकि हिंगे ने भी चार विकेट हासिल किए। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ सनराइजर्स ने पांच मैचों में दूसरी जीत दर्ज की, जबकि राजस्थान रॉयल्स को इस सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने आठ पदक जीते



**नयी दिल्ली:** मंगोलिया में संपन्न एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण पदकों सहित आठ पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा में स्वर्ण), सचिन सिवाच (60 किग्रा में रजत), आकाश (75 किग्रा में कांस्य), लोकेश (85 किग्रा में कांस्य) और नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा में कांस्य) पदक विजेताओं में शामिल रहे। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा में स्वर्ण), जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा में रजत) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा में स्वर्ण) ने भी पदक जीते। सेना के एक अधिकारी ने कहा, 'भारतीय सेना के मिशन ओलंपिक कार्यक्रम के तहत सेना खेल संस्थान में प्रशिक्षित मुक्केबाजों ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदकों सहित कुल आठ पदक जीते।' उन्होंने कहा, 'टीम के पदकों की यह उपलब्धि भारतीय सेना द्वारा अपने पेशेवर खेल तंत्र के माध्यम से पोषित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता को दर्शाती है।'

# महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित पिछले सत्र की कुल पुरस्कार राशि 7,958,077 डॉलर



(लगभग 74 करोड़ रुपये) थी, जो अब बढ़कर 8,764,615 डॉलर (लगभग 82 करोड़ रुपये) हो गई है। विजेता टीम को 23,40,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को 11,70,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये) प्राप्त होंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6,75,000 डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप मैच जीतने पर टीमों को 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने यहां विज्ञप्ति में कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपये) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। इस विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। 33 मैचों का यह टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा।

## दो मैच आकलन के लिए काफी नहीं, नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों को समय देने की जरूरत: एलेन

**चेन्नई:** कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने सोमवार को अपने साथियों से निराशाजनक शुरुआत के बाद खुद को लय हासिल करने के लिए समय देने की अपील की। उन्होंने साथ ही तीन बार के आईपीएल विजेताओं के आकलन में धैर्य रखने को भी कहा। नाइट राइडर्स के नाम पर चार मैच में सिर्फ एक अंक हैं जो पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता में मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद मिला है। तीन हार के साथ अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम



अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है और मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी। एलेन ने यहां मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, 'यह टी20 क्रिकेट की प्रकृति है। अभी कुछ ही मैच हुए हैं। मुझे नहीं लगता कि आप दो मैच से बहुत अधिक आकलन कर सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मैंने पहले दो मैच में अच्छी शुरुआत की थी। मैं और अधिक बल्लेबाजी करना पसंद करूंगा लेकिन तैयारी अच्छी रही है और उम्मीद है कि यह (एक बड़ी पारी) करीब है।' एलेन ने कहा कि नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए क्रीज पर खुद को अधिक समय देने की जरूरत है।

## टिम डेविड पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिये जुर्माना, पंड्या पर धीमी ओवरगति का जुर्माना



**मुंबई:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हरफनमौला टिम डेविड पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश नहीं मानने के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया। डेविड को आईपीएल खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया जबकि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना भरना पड़ा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि डेविड ने आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.4 का उल्लंघन किया है। डेविड ने आरसीबी की पारी के दौरान दो बार गेंद अंपायर को नहीं सौंपी थी। इसमें कहा गया ,'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है। यह इस सत्र में धीमी ओवरगति का उनका पहला अपराध था तो उन पर 12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है।'

## जीत के लिए बेताब केकेआर पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगा सीएसके

**चेन्नई:** पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने गढ़ में दबदबा बनाने उतरेगी। दूसरी ओर, केकेआर अब तक जीत से दूर है और पहली सफलता की तलाश में बेताब है।सीएसके ने पिछले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर आत्मविश्वास हासिल किया। इस जीत के हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने नाबाद 115 रन की शानदार पारी खेली। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन के चार विकेट और गुरजपनीत सिंह की प्रभावी गेंदबाजी टीम के लिए सकारात्मक संकेत हैं। अकील हुसैन ने भी पावरप्ले में असर छोड़ा।हालांकि, कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी की वापसी पर भी नजरें टिकी रहेंगी।दूसरी तरफ, केकेआर पिछला मैच जीतते-जीतते हार गया था। अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और अंगकृष रघुवंशी से टीम को अच्छी पारियों की उम्मीद है।

### लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार विश्व मुक्केबाजी के पहले भारतीय तकनीकी प्रतिनिधि बने

**नयी दिल्ली:** लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार विश्व मुक्केबाजी के महाद्वीपीय तकनीकी प्रतिनिधि के रूप में योग्यता हासिल करने वाले पहले भारतीय अधिकारी बन गए हैं। विश्व मुक्केबाजी खेल की अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने इस उपलब्धि की पुष्टि की और यह भी घोषणा की कि राजेंद्रन रविंद्रन ने महाद्वीपीय आईटीओ (इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशियल) विश्व मुक्केबाजी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

## अहमदाबाद में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण बीसीसीआई ने टाइटंस और सुपरकिंग्स के मैच बदले

**नयी दिल्ली:** अहमदाबाद और गुजरात के अन्य हिस्सों में 26 अप्रैल को होने वाले नगर पालिका चुनावों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के कार्यक्रम में बदलाव किया। नए कार्यक्रम के अनुसार 26 अप्रैल और 21 मई को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच होने वाले मुकाबलों के स्थल बदल दिए गए हैं। टाइटंस और सुपरकिंग्स के बीच पहले 26 अप्रैल को अहमदाबाद में खेला जाने वाला दोपहर का मैच अब चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। यह दोपहर तीन बजकर 30 मिनट से ही खेला जाएगा। सुपरकिंग्स और टाइटंस के बीच 21 मई को शाम को होने वाला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा, 'अहमदाबाद और गुजरात के दूसरे हिस्सों में 26 अप्रैल 2026 को होने वाले नगर पालिका चुनावों को देखते हुए यह बदलाव जरूरी हो गया है।'



## किसान खाद्य उत्पादक ही नहीं, भविष्य के ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी : गडकरी



**रायसेन (मध्य प्रदेश):** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि किसानों को खाद्य उत्पादक के तौर पर अपनी पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़कर ऊर्जा, ईंधन और हाइड्रोजन प्रदाता बनना होगा, क्योंकि सरकार गांवों की आय में विविधता लाने और आयात पर देश की निर्भरता कम करना चाहती है। रायसेन (मध्य प्रदेश) में चार दिन के राष्ट्रीय कृषि उत्सव 'उन्नत कृषि महोत्सव' को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि खेती के बचे हुए हिस्से, बायोमास, एथनॉल, संपिंडित प्राकृतिक गैस और हाइड्रोजन भारत के किसान समुदाय के लिए आय के ऐसे मौके देते हैं जिनका अभी तक इस्तेमाल नहीं हुआ है। गडकरी ने कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों किसानों से कहा, 'ज्ञान सबसे बड़ी ताकत है, और इस ज्ञान को दौलत में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी ज़रूरत है।' मंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधा, उपग्रह-आधारित सूचना प्रणाली, ड्रोन और नैनो यूरिया आधुनिक खेती को नया रूप दे रहे हैं। उन्होंने किसानों से लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की अपील की। पानी की बचत के बारे में, कि क्या यह भारत के बारिश पर निर्भर खेती के क्षेत्र के लिए एक ज़रूरी मुद्दा है? गडकरी ने एक आसान तरीका बताया: तेज़ बहने वाले पानी को धीमा करें, धीरे बहने वाले पानी को रोकें और रुके हुए पानी को ज़मीन में रिसने दें। उन्होंने कहा, 'जैसे बैंक में पैसा जमा होता है, वैसे ही पानी को ज़मीन में जमा करना चाहिए।' गडकरी ने फसल कटाई के बाद मज़बूत बुनियादी ढांचे की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया, और चेतावनी दी कि बिना सही शीत भंडारण, प्रसंस्करण संयंत्र और मूल्य वर्धन सुविधाओं के अधिशेष उत्पादन से खेती की कीमतें कम हो जाएंगी। उन्होंने ग्रामीण आय बढ़ाने के लिए डेयरी, मछली पालन और समुद्री अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता वाले क्षेत्र बताया। इस मौके पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह मेला किसी नतीजे के बजाय एक नया अध्याय दिखाता है, और उन्होंने स्थानीय मिट्टी, मौसम और पानी की स्थितियों के हिसाब से खेत से बाज़ार तक की रणनीति लागू करने के लिए एक कार्यबल बनाने की घोषणा की।

### देश में 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला भंडार उपलब्ध: केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी

**हैदराबाद:** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि देश में 90 दिन की जरूरत के लिए पर्याप्त 20 करोड़ टन से अधिक का कोयला भंडार उपलब्ध है। रेड्डी ने यहां खान मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि देश में लगातार दूसरे वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन हासिल किया गया है। उन्होंने कहा, ''आज ताप विद्युत संयंत्रों और खदानों के पास 90 दिन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है। पहले हमारे पास केवल 21 से 25 दिन का ही भंडार होता था, लेकिन अब 20 करोड़ टन से अधिक कोयला उपलब्ध है।' रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य खनिज क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करना और देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

# अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के



साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है। हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है।' नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट मामूली बढ़त में रहा।

## आधुनिकीकरण के लिए 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली:** विश्व बैंक ने सोमवार को राजस्थान में राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना के लिए 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इस परियोजना से 30 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा, सड़क संपर्क बेहतर होगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने इस नई परियोजना को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राजस्थान में राजमार्गों की दक्षता, मजबूती और सुरक्षा को बेहतर बनाना है। यह परियोजना कृषि, उद्योग, खनन और पर्यटन क्षेत्रों के आर्थिक गलियारों में बेहतर संपर्क के जरिये रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। राजस्थान देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है और यह भारत के करीब 40 प्रतिशत बाजारों को जोड़ने वाला




महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। वित्त वर्ष 2015-16 से 2023-24 के बीच राज्य की औसत वार्षिक वृद्धि दर 11 प्रतिशत रही है, लेकिन सड़क ढांचा इस गति से विकसित नहीं हो पाया है। बयान में कहा गया, ''राजस्थान राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना (22.5 करोड़ डॉलर) के तहत राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को एक आधुनिक और सेवा-उन्मुख राजमार्ग संस्था में बदलने में सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही करीब 800 किलोमीटर चयनित राजमार्ग गलियारों का उन्नयन और रखरखाव किया जाएगा, जिससे वे अधिक सुरक्षित, जलवायु के अनुकूल और यात्रियों के लिए भरोसेमंद बन सकें। इस परियोजना में सड़क सुरक्षा प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और पूरे राजस्थान में सड़क सुरक्षा में सुधार हो।' इसमें कहा गया कि इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) से मिलने वाले 22.5 करोड़ डॉलर के ऋण की अवधि 35 वर्ष होगी।

## निजी कंपनियों का 2024-25 में बॉन्ड में निवेश कई गुना बढ़ा: आरबीआई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र की कंपनियों का बॉन्ड और डिबेंचर में निवेश वित्त वर्ष 2024-25 में कई गुना बढ़ गया। केंद्रीय बैंक ने गैर-सरकारी एवं गैर-वित्तीय क्षेत्र की 15,919 निजी कंपनियों के विश्लेषण के आधार पर ये आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इन कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में बॉन्ड और डिबेंचर में 35,981 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो एक साल पहले मात्र 224 करोड़ रुपये था। इसी अवधि में कॉरपोरेट बॉन्ड निर्गम बढ़कर 9.87 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 8.38 लाख करोड़ रुपये था। बीएसई और एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक मंच पर इन निवेश साधनों पर प्रतिफल 6.5 से 15 प्रतिशत के दायरे में रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक सूचकांकों में भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों के शामिल होने से विदेशी निवेश में बढ़ोतरी हुई। जेपी मॉर्गन और ब्लूमबर्ग द्वारा सरकारी बॉन्ड को अपने-अपने सूचकांकों में शामिल करने से निवेश प्रवाह को बढ़ावा मिला। इस दौरान इक्विटी में निवेश 62.25 प्रतिशत घटकर 59,945 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 में 1.59 लाख करोड़ रुपये था। इसी तरह म्यूचुअल फंड में निवेश भी घटकर 3,656 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले 6,700 करोड़ रुपये था।

### रुपया 52 पैसे टूटकर 93.35 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** रुपया सोमवार को 52 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 93.35 पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल होने से पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का माहौल छा गया जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और वैश्विक स्तर पर डॉलर की मांग बढ़ गई। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी करने की घोषणा के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने को लेकर अनिश्चितताओं ने घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी को और तेज कर दिया जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.30 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 93.40 के निचले स्तर तक गया और 93.25 के उच्च स्तर तक आया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 93.35 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 52 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। 'आंबेडकर जयंती' के मौके पर विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मंगलवार को बंद रहेगा।

### होर्मुज नाकाबंदी की आशंका से सोना का वायदा भाव 1,162 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली:** वायदा कारोबार में सोमवार को सोने की कीमतें 1,162 रुपये टूटकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ईरान के साथ सप्ताहांत में बातचीत विफल रहने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करने की अमेरिका की योजना के बीच डॉलर मजबूत हुआ, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट के बिगड़ने की चिंता बढ़ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 1,162 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,51,490 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 7,739 लॉट का कारोबार हुआ। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, 'सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई और इसकी मुख्य वजह मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया में चल रहा भू-राजनीतिक तनाव था, खासकर अमेरिका-ईरान युद्धविराम वार्ता का विफल रहना। इससे निवेशक सतर्क हो गए हैं।'

**वर्ष 11, पूर्णांक 3562 अंक 028 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in